# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025





## घर में घुसकर तेंदुआ ने किया शिकार...

कांकेर। जिला मुख्यालय कांकेर से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित माकड़ीखूना निवासी बागोडार में पदस्थ व्याख्याता जयप्रकाश नेगी ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि 5 मार्च की सुबह 4 बजकर 49 मिनट पर उनके घर की दीवार पर तेंदुआ चढ़कर पड़ोसी के मुर्गा को मारकर ले गया। घर में कुत्ते की आवाज आने पर निकला, तब ऐसा एहसास हुआ। उसके बाद सीसीटीव्ही कैमरे में देखा तो तेंदुआ की हरकत दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि भालू कई बार आ चुका है, परंतु तेंदुआ पहली बार नजर आया है।



बिलासपुर जिले के तखतपुर के कठमुण्डा गांव का मामला

## बाघ के हमले से किसान घायल



हरिभूमि ▶▶ तखतपुर

खेत में गुरुवार सुबह- सुबह पानी डालने जा रहे किसान पर ऊपर बाघ ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों की मदद से घायल को तखतपुर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे सिम्स रिफर किया गया। वहीं बाघ के हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कठमुण्डा निवासी किसान शिवकुमार जायसवाल (47) पिता जनक जायसवाल गांव के राजू सिंह ठाकुर के कठमुण्डा के तुरतुरिया खार स्थित प्लांट को अधिया लेकर खेती-बाड़ी का काम करता है। वहीं आज सुबह करीब 6 बजे रबी फसल में ट्यूबवेल चालू कर पानी डालने के लिए खेत की ओर जा रहा था, तभी पुलिया के दोन्द में छिपे बाघ की दहाड़ने की आवाज आई। उसने पलट कर देखा तो बाघ ने अचानक ने हमला कर दिया। हमले कर कई जगह पर शरहर पर कई जगहों पर पंजा मारकर घायल कर दिया। उसके पैर, हाथ, और सिर में गंभीर चोटें आयी, जिसे ग्रामीणों की मदद से तखतपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर पदस्थ डॉ. शैलेंद्र शुक्ला ने टाइगर बाइट की पुष्टि की है। वहीं सूचना पर वन विभाग एवं पुलिस विभाग के टीम घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं।

### बाघ कहां से आया जानकारी नहीं

तखतपुर रेंज के कठमुंडा में ग्रामीण पर हमला हुआ है, जिसकी हालत अभी बेहतर है। मौके पर पहुंचने के बाद बाघ दिखा है, जो झाड़ियों में छिपा हुआ है। यह कहां से आया यह स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल विभागीय टीम इसकी लगातार निगरानी कर रही है।

-सत्यदेव शर्मा, डीएफओ, वनमंडल बिलासपुर

## खबर संक्षेप




### 2 महिला माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू अभियान तथा शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 2 ईनामी महिला नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें मलांगेर एरिया कमेटी में प्लाटून नंबर 20 सदस्या कुमारी भीमे वेट्टी पिता हांदा वेट्टी उम्र 23 वर्ष निवासी गूगेपदर थाना मातली जिला मलकानगिरी उड़ीसा एवं मलांगेर, पालनार एलओएस सदस्या जोगी कुंजाम पिता स्व. हुंगा कुंजाम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी हिरोली सरपंचपारा थाना किरंदुल है। भीमे पर 2 लाख और जोगी कुंजाम पर 1 लाख का ईनाम घोषित है। 6 मार्च को पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरवराय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार एवं रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये। आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी एवं बस्तर फाईटर्स दंतेवाड़ा का योगदान रहा।

### नक्सलियों के हथियार और विस्फोटक बरामद

**कोंटा।** जिला बल और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान नक्सलियों द्वारा डंप किए गए हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद किया है।



कोंटा ब्लॉक के चिंतलनार थाना क्षेत्र के नवीन कैंम्प रायगुडेम के समीप ग्राम जब्बागट्टा के जंगलों से बरामद हथियार व विस्फोटक सामग्री में देशी भरमार बंदूक 3 लोहे का स्पाइक और 6 टिफिन, यूरिया, बिजली के तार, सोलर बैटरी, मच्छरदानी, सामान्य बैटरी, क्लेमोर माइन, पाइप ,नक्सल साहित्य, प्लास्टिक ड्रम दवाएं बरामद किया गया है। जिला पुलिस बल व 223 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जंगल की ओर रवाना हुई थी । इस दौरान बुधवार सुबह ग्राम जब्बागट्टा के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छुपाकर रखे सामग्रियों को बरामद कर जब्त किया गया।

### पूर्व विधायक की कार और बाइक में टक्कर, एक मृत

**जगदलपुर।** कोड़ेनार थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे में रायकोट व तोकापाल के बीच गुरूवार शाम लगभग 5 बजे पूर्व विधायक रेखचंद जैन की फॉर्च्यूनर कार व बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दंतेवाड़ा जिले के गीदम क्षेत्र का रहने वाला था। हादसे के दौरान कार में सवार विधायक बाल बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक कोड़ेनार थाना क्षेत्र के रायकोट और तोकापाल के करीब फॉर्च्यूनर कार व बाइक क्रमांक सीजी 17 केएस 9412 के बीच सीधी टक्कर हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है।

मंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी और मतदान सामग्री लूटने के मामले में अपराध दर्ज

# जनपद सदस्य ने की कैबिनेट मंत्री पर अभद्र टिप्पणी, गिरफ्तार कर पुलिस ने निकाला जुलूस

कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम के खिलाफ मंच से अपशब्दों का प्रयोग करना जनपद सदस्य को भारी पड़ गया है। नव निर्वाचित जनपद सदस्य मोहम्मद बक्स को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ ही एक अपराधी की तरह नगर में उसका जुलूस निकाला। पुलिस ने जनपद सदस्य पर कैबिनेट मंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के साथ ही चुनाव के दौरान मतदान सामग्री लूटने और मतदान दल से गाली गलौज करने के मामले में अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

खास खबर

बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड के क्षेत्र क्रमांक 12 से चुनाव जीतने के बाद 28 फरवरी को नवनिर्वाचित जनपद सदस्य मोहम्मद बक्स ने रामचंद्रपुर में विजय जुलूस निकाला था। विजय जुलूस के दौरान बस स्टैंड में आम सभा को संबोधित करते हुए मोहम्मद बक्स ने कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के खिलाफ मंच से ही अपमानजनक टिप्पणी की थी। इस घटना के बाद जिलेभर में बवाल मचा। मंच से किए गए अपमानजनक शब्दों का वीडियो वायरल हुआ तो भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में रोष फ़ैल गया। इस मामले की शिकायत भाजयुमो जिला महामंत्री रामानुजगंज निवासी अश्विनी गुप्ता ने थाने में की थी। शिकायत कर्ता अश्विनी गुप्ता ने बताया था कि जनपद सदस्य की अभद्र टिप्पणी से क्षेत्र का भाई चारा का माहौल बिगड़ रहा है।

### मतदान दलों से भी की थी गालीगलौज

जनपद सदस्य मोहम्मद बक्स पर मतदान सामग्री लूटने का भी अपराध दर्ज किया गया है। कोरंधा थाना के प्रेमनगर निवासी व शासकीय हाई स्कूल हर्री कुसमी के व्याख्याता खिलेश्वर राम की चुनाव ड्यूटी रामचंद्रपुर मतदान केंद्र क्रमांक 115 आंगनबाड़ी केंद्र में लगाई गई थी। शिक्षक का आरोप है कि 23 फरवरी को चुनाव संपन्न होने के बाद जब मतदान दल ताला बंद कर भोजन कर रहे थे तो जनपद सदस्य मोहम्मद बक्स अपने लोगों के साथ ताला तोडकर अंदर घुस आए और मतदान दलों से गाली गलौज करने के साथ ही सामग्री लूटने का प्रयास किया। उन्होंने मतगणना को भी प्रभावित करने का प्रयास किया।



### कार्रवाई नहीं की गई तो हो सकती है शांति भंग : रिपोर्टकर्ता

रिपोर्टकर्ता ने कहा कि यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो आम शांति भंग हो सकती है। जिसके बाद पुलिस ने मामले में 4 मार्च को नव निर्वाचित जनपद सदस्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 के तहत अपराध दर्ज किया था। बुधवार को रामानुजगंज पुलिस ने मामले में जनपद सदस्य को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। लेकिन जेल भेजने से पहले कोर्ट से लेकर जिला जेल तक पैदल जुलूस निकाला।

### मंच से क्या कहा था जनपद सदस्य ने

आम सभा के दौरान नव निर्वाचित जनपद सदस्य ने कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम को लेकर मंच से कहा था कि आदरणीय रामविचार नेताम जी जिन्होंने भाषण में अनिरूद्धपुर में क्या कहा, वहां के लोगों ने सवाल उठाया था कि, माननीय हमारे क्षेत्र से 10वीं, 12वीं का सेंटर उठाकर भथुआडामर, गाजर और लोधा में कर दिया गया। बताइए हमारे बच्चे कहां जाएंगे। उनका जवाब था ये सेंटर मो. बक्स की वजह से ट्रांसफर हुआ है। मंत्रीजी ने कहा कि, मो. बक्स चीटिंग करवाता था, सामूहिक नकल करवाता था। इसलिए यहां के सेंटर को उठाकर भथुआडामर, गाजर और लोधा में किया गया है। अरे बेवकूफ। मैं उनसे पूछना चाहता हूं। शासन तुम्हारा है..प्रशासन तुम्हारा है..फोर्स तुम्हारी हैं। मैं कैसे चीटिंग कराया। शासन तुम्हारा है। केंद्राध्यक्ष को सस्पेंड करना चाहिए। प्रिंसिपल को सस्पेंड करना चाहिए।

अब तक 18 जिलों में कब्जा

# रायगढ़, महासमुंद में भी भाजपा के ही जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंचायत चुनाव में भी भाजपा को भारी जीत मिल रही है। गुरुवार को रायगढ़ और महासमुंद में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा के ही प्रत्याशी जीते। इसी के साथ अब तक 18 जिलों में हुए चुनाव में भाजपा के ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बने हैं। एक दिन पहले 16 जिलों में हुए चुनाव में भाजपा के ही सभी स्थानों पर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीते थे। 109 जनपद पंचायतों के हुए चुनाव में भाजपा के 98 जनपद पंचायतों में अध्यक्ष और 100 में उपाध्यक्ष जीते हैं। शुक्रवार को तीन और शनिवार को पांच जिला पंचायतों में चुनाव होंगे। रायपुर और सुकमा का चुनाव अंतिम दिन 12 मार्च को होगा। पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह के मुताबिक रायगढ़ जिला पंचायत में भाजपा की शिखा रविंद्र गबल निर्विरोध चुनाव जीती हैं।

### 98 जनपद पंचायतों में बने अध्यक्ष

146 जनपद पंचायतों में 109 में चुनाव हुए हैं। इसके बाद जनपद पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में 98 में भाजपा के अध्यक्ष जीते हैं और 100 भाजपा के उपाध्यक्ष जीते हैं। कांग्रेस के आठ में अध्यक्ष और सात में उपाध्यक्ष जीते हैं। गोंडवाना पार्टी का एक अध्यक्ष और सीपीआई के दो स्थानों पर अध्यक्ष जीते हैं।



### अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान ओड़गी में बवाल

**ओड़गी।** सूरजपुर जिले के तहत जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं बे बीच जमकर बवाल हुआ। इस दौरान भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया तथा एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की एवं हाथापाई की। उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। गुरुवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कराने की तैयारियां चल रही थी। इस दौरान चुनाव को लेकर काफी गहमा-गहमी थी। जनपद पंचायत सभाकक्ष के बाहर बड़ी संख्या में भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे वहीं सभाकक्ष में भी भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के पति ठाकुर राम राजवाड़े जनपद सीईओ के कक्ष में समर्थकों के साथ मौजूद थे।

### आज तीन जिला पंचायतों में चुनाव

सात मार्च को तीन जिला पंचायतों गौरेला पेंड्रा-मरवाही, राजनांदगांव और कोंडागांव में चुनाव होगा। 8 मार्च को सरगुजा, बिलासपुर,बलौदाबाजार, धमतरी और कबीरधाम में चुनाव होगा। 10 मार्च को भरतपुर-चिरमिरी-मनेंद्रगढ़ और मुंगेली में चुनाव है। 11 मार्च को महज एक जिला पंचायत सारंगढ़-बिलाईगढ़ में चुनाव होगा। अंतिम दिन 12 मार्च को रायपुर और सुकमा में चुनाव होगा। इन दोनों स्थानों पर भाजपा बराबरी पर है। रायपुर में 16 में से भाजपा के पास आठ सदस्य हैं। छह सदस्य कांग्रेस और दो निर्दलीय हैं।

## सीएम की माता पहुंची अस्पताल बगैर प्रोटोकॉल कराया इलाज



**रायपुर।** गुरुवार को मेकाहारा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की माता जसमनी देवी स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंची। बगैर किसी प्रोटोकॉल के सामान्य मरीज की तरह उन्होंने अपना इलाज कराया। किसी निजी अस्पताल में जाने के स्थान पर उन्होंने शासकीय सेवा में विश्वास जताया। मुख्यमंत्री भी सरकारी सुविधाओं को सुलभ बनाने पर जोर देते रहे हैं। अपने परिजनों के इलाज के लिए भी उन्होंने शासकीय अस्पताल पर भरोसा जताया।

## स्टेट बार कौंसिल को चुनाव शेड्यूल पेश करने का निर्देश

अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने स्टेट बार कौंसिल के चुनाव को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को बार कौंसिल ऑफ इंडिया और स्टेट बार कौंसिल दोनों को प्रस्तावित चुनाव का शेड्यूल बनाकर पेश करने का निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को निर्धारित की गई है। इससे पूर्व छत्तीसगढ़ बार कौंसिल में पिछले 6 सालों से चुनाव नहीं होने को लेकर हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई थी। इस दौरान कोर्ट ने 18 फरवरी 2015 को हुई सुनवाई के बाद दिए



आदेश के परिपालन के बारे में पूछा और बार कौंसिल ऑफ इंडिया के अधिवक्ता के माध्यम से शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बैंच में सुनवाई के दौरान पूर्व आदेश में राज्य बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सचिव से मांगे गए हलफनामे के बारे में जानकारी ली।

स्वास्थ्य मंत्री तक पहुंची शिकायत, हटाने की मांग

# जांजगीर- चांपा जिला अस्पताल में विवाद, जूनियर डॉक्टर के सिविल सर्जन होने का पुरजोर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला अस्पताल में सिविल सर्जन और डॉक्टरों व स्टाफ नर्सो के बीच शुरू हुआ विवाद अब गहराने लगा है। एक दिन पहले पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर से शिकायत करने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों ने अधिकारियों के समक्ष एक स्वर में अपनी बात रखी और शिकायत दोहराई। इस दौरान जांच अधिकारी द्वारा सभी को अलग-अलग बयान लिखित में जमा करने कहा गया। दूसरी ओर इस मामले में डॉक्टर वह स्टाफ नर्स के साथ स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन ने भी मोर्चा खोल दिया है। जूनियर डॉक्टर को



सिविल सर्जन जैसे जिम्मेदार पद पर पदस्थ करने के मामले में उन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग संगठन ने की है। मामले की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री तक जा पहुंची है। वहीं इस मामले में कार्रवाई नहीं होने पर संगठन ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। गौरतलब है कि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में बुधवार 5 मार्च को स्टाफ नर्स और डॉक्टर के साथ कर्मचारियों ने प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने सिविल सर्जन पर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने और उनसे दुर्व्यवहार करने की शिकायत की है। इस मामले को लेकर वे नारेबाजी करते हुए पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां ज्ञापन सौंपा था। इस पर जिला प्रशासन द्वारा तीन सदस्य टीम गठित करके जांच के आदेश दिए गए। दूसरे दिन गुरुवार 6 मार्च को अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र ठाकुर के साथ सीएमएचओ सहित जांच टीम जिला अस्पताल पहुंची। इस मामले की शिकायत प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से भी की है।

### खुद को बता रहे स्वास्थ्य मंत्री का रिश्तेदार

सीआईडीए ने अपनी शिकायत में बताया है कि जिला अस्पताल जांजगीर के कर्मचारी अधिकारियों ने पत्र के माध्यम अवगत कराया है कि प्रभारी सिविल सर्जन के दुर्व्यवहार से सभी कर्मचारी अधिकारी प्रताड़ित हैं। प्रभारी सिविल सर्जन स्वयं को स्वास्थ्य मंत्री का भतीजा बताते हैं और अत्यधिक जूनियर होने के बावजूद सिविल सर्जन जैसा बड़ा पद मिलने का कारण भी यही जताते हैं। अपने इस प्रभुत्व का उपयोग प्रभारी सिविल सर्जन अधीनस्थ कर्मचारियों को डराने धमकाने के लिए करते हैं। उन्होंने कहा है कि अत्यधिक जूनियर डॉक्टर सिविल सर्जन जैसे बड़े पद के बिल्कुल भी परिपक्व और काबिल नहीं है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025







**सिर्फ अभनपुर तहसील की रिपोर्ट ही चौंकाने वाली**

# भारत माला घोटाला, चार गांवों में ही बड़ा खेल, 17 के नाम थी जमीन, 97 टुकड़े कर बांट दिए 43 करोड़ ज्यादा, भाई, बहन, बेटा, बेटी, नौकर-चाकर के नाम

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के अभनपुर तहसील क्षेत्र में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बड़ा खेल खेला गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत चार ग्रामों में कुल 1.3939 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई थी, जिसके एवज में प्रभावित भू-स्वामियों को 29.5 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना था, लेकिन 43 करोड़ 18 लाख 27 हजार 627 रुपए ▶▶| शेष पेज 6 पर

हरिभूमि लगातार

### इन ग्रामों में इतनी बांटी गई मुआवजा राशि

अभनपुर क्षेत्र में जिन ग्रामों में 43 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान किया गया हैं, उनमें नायकबांधा, भेलवाडीह, टोकनी एवं उरला शामिल है। इनमें नायकबांधा में कुल 28 खसरा नंबरों का 1.8132 हेक्टेयर भूमि के एवज में 15815195 रुपए अधिक मुआवजा बांटा गया। इसी प्रकार ग्राम भेलवाडीह में कुल 4 खसरा रकबा 0.2238 हेक्टेयर भूमि के एवज में 8803208 रुपए, ग्राम उरला में कुल खसरा 7 रकबा 0.3070 हेक्टेयर भूमि के एवज में 26921415 रुपए तथा ग्राम टोकनी में कुल खसरा 5 रकबा 0.220 हेक्टेयर के एवज में 11874277 रुपए अधिक मुआवजा राशि बांटा गया है।


एसडीएम-पटवारी ने मिलीभगत कर दस्तावेज में किया हेरफेर, शासन को लगाया चूना
भारतमाला...बड़ा घोटाला, विस में गूंजा
एसडीएम के बाद अब तहसीलदार सस्पेंड

### 17 लोगों के नाम पर दर्ज थी भूमि 80 नए नाम चढ़ा दिए गए

जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के अनुसार अभनपुर क्षेत्र में रायपुर-विशाखापट्नम इकनोमिक कॉरिडोर सड़क निर्माण भारत माला परियोजना अंतर्गत चार ग्रामों के लिए भूमि अधिग्रहण करने के लिए सर्वे किया गया। इस सर्वे तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी सहित अन्य लोगों ने मिलकर भूमि के खसरा और रकबा में गड़बड़ी की गई है। जांच ▶▶| शेष पेज 6 पर

### एक ही परिवार के कई सदस्यों के नाम पर बंट गया मुआवजा

जांच रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन लोगों को मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है, उनमें ज्यादातर ऐसे लोग शामिल हैं, जिनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम पर ही भूमि चढ़ा दी गई थी। इनमें किसी परिवार के 12, किसी के 10 तो कईयों के 7 से 6-5 सदस्यों के नाम पर भी भूमि दर्ज है। इनमें नौकर चाकर का भी नाम बताये जा रहे हैं। इस तरह इस घोटाला में दिल खोलकर रसूखदारों के परिवारों को भी फायदा पहुंचा गया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रॉले से टकराई कार छह की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के आबू रोड इलाके में तड़के एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई।



हादसे में एक महिला घायल हो गई। यह हादसा सिरोही के किवरली गांव के पास तड़के लगभग तीन बजे तब हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ट्रॉले से टकरा गई। कार में सवार लोग जालोर जिले के एक गांव के रहने वाले थे और अहमदाबाद से लौट रहे थे।

### उत्पादों के प्रचार के नाम पर ठगी, 13 गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने विभिन्न उत्पादों का सोशल मीडिया पर प्रचार करने वाले ठगी वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन महिलाओं समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सेक्टर 63 के जी-ब्लॉक में स्थित एक 'कॉल सेंटर' पर छापा मारा। तीन महिलाओं समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया।



## मंदिरहसौद थाना इलाके में बड़ा हादसा, स्पॉट पर ही सभी सवारों ने दम तोड़ा

# टायर फटा, डिवाइडर से टकराकर कार उछली और ट्रक से भिड़ी

# पांच की मौत



*मंदिरहसौद इलाके में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। डिवाइडर से टकरा एक कार उछलती हुई ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में कार सवार सभी पांच युवकों की मौत हो गई। सभी उरला इलाके के रहने वाले थे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हादसा उमरिया गांव में मयूर कालेज के सामने दोपहर 1 बजे का है। बताया जा रहा है, मृतक उरला से तुमगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार का पिछला टायर फट गया और कार डिवाइडर पार कर तेज रफ्तार ट्रक के सामने टकरा गई। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक कार एक्सीडेंट में उरला निवासी मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद मिराज खान उर्फ मिंटू, मोहम्मद किताबुद्दीन तथा अमजद खान की मौत हुई है। कार फिरोज की होने की बात सामने आई है। फिरोज का उरला में चिकन सेंटर है। सभी मृतक मूलतः बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतक रायपुर में लंबे अरसे से रहकर व्यवसाय के साथ अन्य कार्य कर रहे थे। सभी मृतकों की ▶▶| शेष पेज 6 पर

### एक की बॉडी उछलकर बाहर निकली

कार की ट्रक के साथ इतनी जबरदस्त भिड़ंत थी कि कार के सामने के हिस्से का कचूमर निकल गया। इसके साथ ही सामने की सीट पर बैठे एक व्यक्ति की बॉडी कार का शीशा तोड़ते हुए बाहर की तरफ निकल गई थी। कार ड्राइव फिरोज द्वारा करने की बात सामने आई है। एक व्यक्ति के चेहरे पर विंड स्क्रीन के टूटे हुए कांच का टुकड़ा बुरी तरह से घुस गया है।



### ग्रामीणों की ट्रैक्टर पलटी, 4 की मौत



**जगदलपुर।** नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के मडोनार ग्राम के करीब बुधवार रात ट्रैक्टर पलटने से सवार 16 ग्रामीणों में 4 की मौत हो गई। वहीं अन्य ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र में बुधवार को ग्रामीणों से भरा ट्रैक्टर पीडीएस का चावल लेकर गांव जा रहा था तभी नाला के ▶▶| शेष पेज 6 पर

**आपसी विवाद हत्या का कारण**

## चाचा ने तीन साल के मासूम की दे दी बलि!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जिले के पत्थलगांव की छातासरई पंचायत में अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र के चलते एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। तंत्र-मंत्र के झांसे में आकर एक सगे चाचा ने अपनी ही तीन साल की भतीजी की निर्ममता से हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या करने वाले चाचा हिरासत में ले लिया है। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि आरोपी का अपने भाई के साथ ▶▶| शेष पेज 6 पर

■ आरोपी पुलिस की हिरासत में

### शुभ-अशुभ सब हमारे मन के अंदर : मिश्रा

अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष और नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि कुछ लोग अंधविश्वास के कारण हमेशा शुभ-अशुभ के फेर में पड़ते हैं। यह सब हमारे मन का भ्रम है। शुभ-अशुभ सब हमारे मन के अंदर ही है। किसी भी काम को यदि सही ढंग से किया जाए, मेहनत और ईमानदारी से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी की मान्यताएं और कुरीतियां अभी भी जड़े जमाए हुए हैं, जिसके कारण जादू-टोना, डायन, टोनही, बलि ▶▶| शेष पेज 6 पर

### गांव में दहशत, मां का रो-रोकर बुरा हाल

इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में आक्रोश और भय का माहौल है। मासूम की मां रीता नाग अपनी इकलौती बेटी को इस तरह खोने के बाद बदहवास है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हत्या के बाद बच्ची के कटे सिर को घर में बने पूजा चूल्हे पर रखकर तंत्र-मंत्र करना शुरू कर दिया था।

# महाकुंभ में बड़े हमले की थी साजिश

**एजेंसी/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले से गुरुवार तड़के गिरफ्तार किया गया बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकी लजर मसीह महाकुंभ के दौरान अशांति फैलाकर भारत से फरार होना चाहता था। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। संयुक्त अभियान में कौशांबी जिले से बीकेआई के सक्रिय आतंकवादी लजर मसीह को गिरफ्तार किया गया।



■ बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार, खुले कई राज

■ महाकुंभ में हमला कर भारत से भागना चाहता था आतंकी

### पाक एजेंटों से जुड़े तार

*डीजीपी ने बताया कि मसीह पाकिस्तान में आईएसआई के तीन एजेंटों के संपर्क में था। वह पूर्व में हथियारों और हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल जा चुका है, लेकिन 24 सितंबर 2024 को अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में इलाज के दौरान भाग गया था।*






**स्कूलों ने निजी विद्यालयों से पूछी थी मर्जी**

## सरस्वती शिशु मंदिर सहित 50% निजी स्कूल होंगे परीक्षा में शामिल, बाध्यता हटाने शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

■ प्रदेश में सरस्वती शिशु मंदिर के 1100 ब्रांच ये सभी बनेंगे केंद्रीकृत परीक्षा का हिस्सा

■ प्रदेश में 56 हजार 615 निजी विद्यालय, इनमें से 7 हजार 153 निजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के 50% निजी विद्यालय पांचवीं-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें सरस्वती शिशु मंदिर के 1100 ब्रांच भी शामिल हैं। रायपुर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जिले के निजी विद्यालयों को खत लिखते हुए उनकी मर्जी पूछी गई थी। बुधवार तक स्कूलों से परीक्षा में शामिल होने अथवा नहीं होने के लिए सहमति पत्र देने कहा गया था। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी रायपुर के 50 प्रतिशत स्कूल केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होंगे। ना केवल ▶▶| शेष पेज 6 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### इधर... सूचना मिलने से ही इनकार

प्रदेश के कई जिलों में निजी स्कूलों से उनकी मर्जी पूछी जा रही है, लेकिन कई जिले ऐसे भी हैं जहां जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा न्यायालयीन आदेश की कॉपी प्राप्त ना होने की बात कहते हुए निजी स्कूलों को इससे राहत नहीं दी जा रही थी। तमाम तरह की शिकायतें आने के बाद अंततः स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को खत लिखते हुए डीपीआई ने कहा है कि न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए जो विद्यालय परीक्षा में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हें छूट दी जाए। जो परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, केवल उनके लिए परीक्षा आयोजित की जाए।

### छोटे और मंझोले स्कूल

परीक्षा में शामिल होने के लिए सहमति देने वालों में अधिकतर स्कूल छोटे और मंझोले हैं। बड़े शैक्षणिक संस्थान अब अपनी पृथक समय-सारिणी जारी कर रहे हैं। - **राजीव गुप्ता**, अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन




# 73 किमी चलकर फिर रुक गया दुनिया का सबसे बड़ा आइसबर्ग, मचेगी तबाही या होगा फायदा?



**लंदन।** दुनिया का सबसे बड़ा आइसबर्ग ए23ए अंटार्कटिका से टूटकर 2020 में समुद्र में बहना शुरू हुआ था। यह हिमखंड ग्रेटर लंदन से भी दोगुना बड़ा है और इसका वजन लगभग एक ट्रिलियन टन है। इसकी दिशा साउथ जॉर्जिया द्वीप की तरफ थी, जिससे यह चिंता थी कि यह उससे टकरा सकता है या उसके पास उथले पानी में अटक सकता है। इससे वहां के वन्यजीवों, खासकर पेंगुइन और सील की भोजन व्यवस्था प्रभावित हो सकती थी। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह आइसबर्ग 1 मार्च से द्वीप से करीब 73 किलोमीटर दूर रुक गया है। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे के वैज्ञानिक एंड्रयू मेयर्स ने बताया कि अगर यह आइसबर्ग इसी जगह पर रुका रहता है, तो इससे वन्यजीवों को कोई गंभीर नुकसान नहीं होगा। आमतौर पर ऐसे हिमखंड दक्षिणी महासागर में जाते समय छोटे-छोटे टुकड़ों में टूटकर पिघल जाते हैं। हालांकि, जनवरी में इसका एक 19 किलोमीटर का टुकड़ा टूट गया था।



### जलवायु परिवर्तन बन रही वजह

*जहां तक जलवायु परिवर्तन की बात है, वैज्ञानिकों का कहना है कि इतने बड़े हिमखंडों का अलग होना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन हाल के वर्षों में अंटार्कटिका की बर्फ की चादरें बहुत तेजी से पिघल रही हैं। 2000 से अब तक 6000 अरब टन बर्फ खत्म हो चुकी है। जलवायु परिवर्तन की वजह से जमीन का औसत तापमान बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर वैश्विक तापमान 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया, तो समुद्र का जलस्तर इतनी ऊंचाई तक बढ़ सकता है कि यह वापस सामान्य नहीं हो पाएगा।*

### सबसे गर्म साल था 2024

*पिछला साल अब तक का सबसे गर्म साल था, जिसमें दुनिया भर में आग, बाढ़ और तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाएं देखी गईं। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग इसी तरह जारी रही, तो भविष्य में और भी गंभीर असर देखने को मिल सकते हैं।*

### फायदा होगा या नुकसान?

*वैज्ञानिकों को अब यह देखना है कि यह आइसबर्ग आगे खिसकता है या यहीं अटका रहेगा। अगर यह अपने स्थान पर ही टिका रहा, तो यह वहां के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए लाभदायक भी हो सकता है। जब आइसबर्ग पिघलता है, तो पानी में कई तरह के पोषक तत्व घुल जाते हैं, जिससे समुद्री जीवों के लिए भोजन की उपलब्धता बढ़ सकती है। इससे पेंगुइन और सील समेत अन्य जीवों को फायदा हो सकता है। साउथ जॉर्जिया और साउथ सैंडविच द्वीपों पर लगभग 5 मिलियन सील और 65 मिलियन पक्षी रहते हैं। हालांकि, इस द्वीप के वन्यजीव पहले से ही कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। वहां हाल ही में बर्ड फ्लू का प्रकोप फैला था, जिससे कई पक्षी और अन्य जीव प्रभावित हुए।*

## रोचक खबरें

## अजब बिहार में गजब खेला! पीटी टीचर को थमा दिया केमिस्ट्री का कॉपी चेक, मच गया बवाल




**नालंदा।** इसे आप क्या कहेंगे, मानवीय भूल या फिर लापरवाही, जिसके कारण लाखों बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ जाए? जिस बोर्ड के भरोसे आप अपने बच्चों को शिक्षा की डिग्री थमा रहे हैं वही बोर्ड आपके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा हैं। यह मामला नालंदा का है, जहां जहां एक शारीरिक शिक्षक को बिहार बोर्ड की और से पूर्व में आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में साइंस के पेपर की मूल्यांकन के लिए नियुक्त कर दिया हैं। दरसअल, नालंदा के एकंगरसराय स्थित डीन प्लस टू स्कूल चम्हेडी के पीटी यानि शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को साइंस की कॉपी चेक करने के लिए बोर्ड के द्वारा नियुक्ति पत्र थमा दिया गया। हालांकि, शिक्षक ने पदभार ग्रहण नहीं किया और निर्धारित मूल्यांकन केंद्र पर पहुंचकर केंद्राधीक्षक को अपनी अस्वीकृति भी जाहिर कर दी। इसके बाद जिले में हड़कंप मच गया।

### क्या कहता है नियम?

बिहार बोर्ड के द्वारा इसके लिए प्रावधान बनाए गए हैं। हालांकि, बीपीएससी शिक्षकों की नियुक्ति से पहले जब शिक्षकों का आभाव था और कई विषयों के शिक्षकों की कमी थी, तो ऐसे में उस विषय से संबंधित पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके एवं विद्यालय में उक्त विषय का वर्ग संचालन का प्रभार सह रहे शिक्षकों को मूल्यांकन की अनुमति दी जाती थी। लेकिन, जब से बीपीएससी शिक्षकों की नियुक्ति हुई हैं। बोर्ड के पास अब शिक्षकों का आभाव नहीं हैं। ऐसे में सभी शारीरिक शिक्षकों को मूल्यांकन से दूर कर दिया गया हैं। इसका एक और पहलू है जो शिक्षा विभाग को विद्यालय से जोड़ता हैं। सभी उच्च विद्यालयों को आदेश है कि कॉपी मूल्यांकन से सम्बंधित जानकारी टीचर डायरेक्टरी के माध्यम से बोर्ड को सूचित किया जाए. इसकी जवाबदेही प्रधानाचार्य पर होती हैं।

## महिला ने 11 करोड़ की लॉटरी जीतने के बाद छोड़ दिया बॉयफ्रेंड




**न्यूयार्क।** किस्मत का खेल ऐसा है कि ये जब आपके ऊपर मेहरबान होती है तो आपको वो सबकुछ देती है। जिसकी उम्मीद आपको किसी से नहीं होती है। यही कारण है कि कई बार किस्मत बदलने के साथ-साथ इंसान की नीयत भी बदल जाती है और इससे जुड़े कई किस्से और कहानियां लोगों के सामने आए दिन वायरल होते रहते हैं। इसी कड़ी में एक किस्सा सामने आया है। जहां एक लड़की को 11 करोड़ की लॉटरी लगी, लेकिन जैसे ही उसकी किस्मत ने उसका साथ दिया, उसने अपने बॉयफ्रेंड का साथ छोड़ दिया और नया प्रेमी बनाकर उसके साथ घूमने लगी।

### एक्स बॉयफ्रेंड को जलाने के लिए किया ये काम

इतना ही नहीं, अपने बॉयफ्रेंड को जलाने के लिए उसने ईस्ट के लिए 55 लाख की बीएमडब्ल्यू गाड़ी खरीदी और दोनों ने मिलकर आइलैंड पर केटरिंग का बिजनेस करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, शार्लेट ने अपने पुराने प्रेमी को जलाने के लिए सोशल मीडिया पर उसको लेकर ऐसे-ऐसे कमेंट करना शुरू कर दिया, जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की थी। ये कमेंट्स इंटरनेट की दुनिया में आते ही लोगों के बीच वायरल होने लगे। जिस पर लोग अपना-अपना रिएक्शन देकर उस पर मजे लेने लगे!

## 'डेट पर जाना है, मेकअप करा लो', स्टेशन पर खोली दुकान, 2 घंटे में कमा रही 3500 रुपए

**बीजिंग।** अगर आपके अंदर पैसा कमाने की ललक है, तो आप कुछ न कुछ ऐसा तरीका ढूंढ ही लेते हैं, जिससे पैसे कमा सकें। कुछ लोग सिर्फ शिकायतें करते हैं तो कुछ लोग ऐसे होते हैं जो कुछ अलग ही आइडिया लेकर आ जाते हैं। पड़ोसी देश चीन की रहने वाली एक लड़की ने कुछ ऐसा ही किया और वो ट्रेन स्टेशन पर अपना मेकअप स्टॉल लगाकर बैठ गई।



आपने मेकअप करने के लिए ब्यूटी पार्लर या मेकअप स्टूडियो देखे होंगे, लेकिन शायद ही आपने कभी ट्रेन के स्टेशन पर किसी को मेकअप का स्टॉल लगाए हुए देखा हो। आज हम आपको एक ऐसी लड़की से मिलवाएंगे, जो इस आइडिया से अच्छा-खासा कमा रही हैं।

### अजीबोगरीब बिजनेस

चीन में रहने वाली देंग क्विक्वि नाम की लड़की ने अजीबोगरीब बिजनेस खोल लिया हैं। जिस तरह लोग स्टेशन पर स्टॉल लगाकर चीज़ें बेचते हैं, उसी तरह ये लड़की सबवे स्टेशन पर अपना मेकअप स्टॉल लगाकर बैठी हैं। चॉन्गक्विंग में 14 फरवरी को उसने ये स्टॉल लगाया। वे शाम को 5 से 7.30 बजे तक ये स्टॉल खोलकर बैठती है और आते-जाते लोगों का फटाफट मेकअप करके पैसे कमाती हैं। ये सर्विस सिर्फ वीकडेज़ में भी मिलती है, वीकेंड पर भीड़ से बचने के लिए स्टॉल नहीं खुलता हैं।

# अमेरिका और चीन में कौन ज्यादा शक्तिशाली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन में दुश्मनी जगजाहिर है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों देशों के बीच खाई और ज्यादा बढ़ गई है। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में चीन के साथ ट्रेड वार का ऐलान किया है। इस पर चीन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चीन ने कहा है कि उसका देश हर तरह के युद्ध के लिए तैयार है और उसे आखिरी तक अंजाम देगा। ऐसे में सवाल उठता है कि अमेरिका और चीन में कौन ज्यादा शक्तिशाली है। अमेरिका और चीन में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। चीन ने अमेरिका को युद्ध तक की धमकी दे दी है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ का ऐलान किया था। ऐसे में आशंका है कि आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच तनाव और ज्यादा बढ़ सकता है।

### सक्रिय सैनिक

*अमेरिकी सेना में सक्रिय ड्यूटी पर तैनात सैनिकों की संख्या 1328000 है। वहीं, चीनी से में तैनात सक्रिय सैनिकों की संख्या 2035000 है।*

### रिजर्व सैनिक

*अमेरिका के रिजर्व सैनिकों की संख्या 799500 है, वहीं चीन के पास रिजर्व सैनिकों की संख्या 510300 है।*

### कुल विमान

*अमेरिका के पास कुल विमानों की संख्या 13043 है। वहीं, चीन के पास कुल विमानों की संख्या 3309 है।*

### फाइटर एयरक्राफ्ट

*अमेरिकी वायु सेना के पास फाइटर एयरक्राफ्ट की कुल संख्या 1790 है, वहीं चीन के पास 1212 हैं।*

### डेडिकेटेड अटैक एयरक्राफ्ट

*अमेरिकी वायु सेना के पास डेडिकेटेड अटैक एयरक्राफ्ट की कुल संख्या 889 है, वहीं चीनी वायु सेना के पास ये 371 हैं।*

### ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट

*अमेरिकी वायु सेना के पास 918 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट हैं, जबकि चीन के पास इनकी संख्या 289 है।*

### एरियल टैंकर एयरक्राफ्ट

*अमेरिका वायु सेना के पास 605 एरियल टैंकर एयरक्राफ्ट हैं, जबकि चीन के पास इनकी संख्या 10 है।*




**ग्लोबल फायरपावर में दुनिया में स्थान**
ग्लोबल फायरपावर की 2025 की सूची में अमेरिका पहले स्थान पर है। वहीं, चीन का स्थान तीसरा है।

### रॉकेट लॉन्चर

अमेरिका के पास 641 रॉकेट लॉन्चर हैं, वहीं अमेरिका के पास इनकी संख्या 2750 है।

### नौसैनिक ताकत

अमेरिकी नौसेना का फ्लीट स्ट्रेंथ 440 है। वहीं, चीनी नौसेना का फ्लीट स्ट्रेंथ 754 है।

### एयरक्राफ्ट कैरियर

अमेरिकी नौसेना के पास 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, वहीं चीनी नौसेना के पास 3 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं।

### हेलीकॉप्टर कैरियर

अमेरिकी नौसेना के पास 9 हेलीकॉप्टर कैरियर हैं, जबकि चीन के पास 4 हेलीकॉप्टर कैरियर हैं।

### पनडुब्बी

अमेरिकी नौसेना के पास 70 पनडुब्बियां हैं, वहीं चीन के पास 61 पनडुब्बियां हैं।

### विध्वंसक

अमेरिकी नौसेना के पास 81 विध्वंसक पोत हैं, वहीं चीनी नौसेना के पास इनकी संख्या 50 है।

### फ्रिगेट

अमेरिकी नौसेना के पास एक भी फ्रिगेट नहीं है, वहीं चीनी नौसेना के पास 47 हैं।

### कॉर्वेट

अमेरिकी नौसेना के पास 26 कॉर्वेट हैं, जबकि चीनी नौसेना के पास 72 कॉर्वेट हैं।

| | अमेरिका | चीन |
|---|---|---|
| हेलीकॉप्टर | 5843 | 913 |
| हमलावर हेलीकॉप्टर | 1002 | 281 |
| टैंक | 4640 | 6800 |
| आर्मर्ड व्हीकल | 391963 | 144017 |
| सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलरी | 671 | 3490 |
| टो आर्टिलरी | 1212 | 1000 |

# शानदार बंगले, स्वीमिंग पूल, कई गाड़ियां फिर भी रोज भीख मांगने जाता है परिवार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भिखारियों की कई ऐसी सक्सेस स्टोरी हैं, जिनसे पाकिस्तान के वज़ीर ए आज़म शहबाज़ शरीफ बहुत ज्यादा प्रभावित हैं। पाकिस्तान में इन सक्सेसफुल भिखारियों को काफी इज्जत से देखा जाता है और उनके इंटरव्यू किए जाते हैं। पाकिस्तान इन भिखारियों में से कुछ के पास करोड़ों का बैंक बैलेंस है। कुछ के पास पॉश इलाकों में आलीशान कोठियां हैं तो कोई भीख मांगकर परिवार समेत मलेशिया शिफ्ट हो गया है।

पाकिस्तान में ऐसे इंटरव्यू इसलिए हो रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इनकी सक्सेस स्टोरी से प्रभावित हो सकें और अपने पैरों पर खड़े हो जाएं। ना किसी हुनर..एक पैसे का इनवेस्ट किए बगैर...पाकिस्तान में भिखारी करोड़पति बन रहे हैं। शहबाज़ ने इसी पैटर्न को फॉलो करते हुए अब पाकिस्तान को भी नंबर वन बनाने की मुहिम शुरू कर दी है।



### गरीबी का रोना रोकर वसूल ली 5 लाख की भीख

नकाब पहन और छड़ी लेकर सड़कों पर निकलने वाली इस हुनरमंद पाकिस्तानी लड़की ने एक दिन में एक शख्स से 5 लाख रुपए की भीख तक वसूल ली, जिसे वह बड़े गर्व के साथ लोगों को बताती है। वह बताती है, वह बहुत अमीर था. उसने मेरी हालत देखकर मुझसे पूछा कि आप कहां रहती हैं और आपके घर वाले कहां हैं। मैंने उसे सब बताया। फिर उसने मुझे बोला मैं आपके घर आकर देखूंगा तो उसे दिखाने के लिए शो ऑफ कर दिया. बस एक छोटा सा कमरा दिखा दिया. बस कुछ टूटा फूटा सामान दिखा दिया. इससे उसको तरस आ गया और उसने 5 लाख रुपये की मदद कर दी।

### शहबाज़ ऐसे पीछे छोड़ेंगे हिंदुस्तान को?

लेकिन पाकिस्तान का वज़ीर ए आज़म किस तरह मुल्क के भिखारियों से प्रेरित हो रहा है। हम आपको एक-एक करके समझाते हैं। सबसे पहले आप मिलिए पाकिस्तान के मुल्तान के शौकत भिखारी से, जो अंग्रेजी बोलकर भीख मांगता है। पाकिस्तान में शौकत भिखारी का नाम काफी इज्जत से लिया जाता है।..क्योंकि, वो दिन रात मेहनत करके इतने बड़े आदमी बने हैं। शौकत भिखारी बहुत फख्र से पूरे पाकिस्तान को अपनी सफलता का राज़ बताते हैं कि किस तरह भीख मांगकर उन्होंने अपना बैंक बैलेंस इतना बढ़ा लिया। **span style="font-family:"Mangal","serif"">** शहबाज़ शरीफ भी अपने पैरों पर खड़े ऐसे पाकिस्तानियों पर फख्र करते हैं, क्योंकि वो हुक्मरानों से कुछ नहीं मांगते और पाकिस्तान के बैंकों में पैसा भी जमा करते हैं।

### बेसमेंट बना भिखारियों का मेकअप रूम



पीड़ित डॉक्टर ने बताया, मैंने देखा कि वो सारी फैमिली धीरे धीरे घर से गायब होना शुरू हो जाती थी। सारे लोग गाड़ियों में बैठते थे और पता नहीं कहां चले जाते थे. सारे बच्चे, बड़े सारे। एक दिन में घर पर अकेली थी तो मैं इनके बेसमेंट में गई तो वहां गेटअप्स वगैरह थे। कपड़े थे भिखारियों वाले वो वहां पर चेंज करते थे। फिर भीख मांगने जाते थे। ये लड़की जब उनके पीछे गई तो असलियत मालूम चल गई। उन्होंने लाहौर में जगह जगह ग्रुप्स बनाए हुए थे, जहां वो भीख मांगते थे। पाकिस्तान में ऐसी सक्सेस स्टोरियां भरी पड़ी हैं। सिर्फ देश ही नहीं पाकिस्तान के भिखारियों ने विदेशों में भी नाम कमाया है।

## 1 लाख 60 हजार रुपए में महिला ने बेच दिया अपना चेहरा



**लंदन।** पैसा कमाने के लिए आज के समय में लोग कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। जिसका खामियाजा उन लोगों को बाद में भुगतना पड़ता हैं। इसी तरह का एक किस्सा इन दिनों सामने आया हैं। जहां एक महिला ने 1,500 पाउंड यानी करीब 1 लाख 60 हजार रुपए में अपने चेहरे को ही बेच दिया और अब जब उसे इसकी सच्चाई पता चली तो वो दंग रह गई और ये सोच रही है कि उसने ऐसा क्यों किया! दरअसल हुआ यूं कि लूसी नाम की महिला ने अपने कई मशहूर हस्तियों की तरह अपना चेहरा एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्ट-अप को बेच दिया, जिसके लिए उसे कंपनी ने अच्छे खासे पैसे दिए। जिसको पाकर लूसी काफी ज्यादा खुश हो गई, लेकिन अब कंपनी ने बताया कि वो उसके चेहरे का इस्तेमाल कहीं भी कर सकते हैं, वो भी बिना उसके इजाजत के, क्योंकि कंपनी ने उससे उसका चेहरा ही खरीद लिया हैं।

### कैसे हो गया मॉडल के साथ खेल?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लूसी ने अपने चेहरे का अधिकार एक एआई स्टार्ट-अप को दे दिया। जिसका इस्तेमाल को लेकर उसने एक एग्रीमेंट भी साइन किया और इस प्रकिया के लिए लूसी को अपने एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए कई वीडियो रिकॉर्डिंग जमा करनी पड़ी। एक इंटरव्यू में उसने कहा कि मैंने उन्हें कई तरह के ऐसे वीडियो दिए जिन्हें बनाने में मुझे में दो घंटे से ज्यादा का समय लगा! हालांकि, इस बात का अहसास मुझे उस समय हुआ, जब मेरे पास उनके दिए गए पैसे खत्म हो गए।

## धरती से 20000 गुना ज्यादा ताकतवर, कैमरे में कैद नजारा

# इस ग्रह के सिर पर नाच रही नीली रोशनी

**न्यूयार्य।** अंतरिक्ष हमेशा से रहस्यों और रोमांच से भरा रहा है। यहां बड़े ग्रह चमकते सितारे और अद्भुत खगोलीय घटनाएं वैज्ञानिकों के साथ-साथ आम लोगों को भी आकर्षित करते हैं। हाल ही में नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप ने बृहस्पति ग्रह पर एक ऐसा नजारा कैद किया, जिसने सभी को हैरान कर दिया. इस तस्वीर में बृहस्पति के ध्रुवों पर एक बेहद शक्तिशाली और खूबसूरत नीली रोशनी नाचती हुई नजर आई. इसे ऑरोरा कहा जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह रोशनी धरती के उत्तरी या दक्षिणी ध्रुवों पर दिखने वाले ऑरोरा से सैकड़ों गुना अधिक ताकतवर है। इसकी ऊर्जा इतनी अधिक है कि यह पृथ्वी के उत्तरी प्रकाश की तुलना में 20000 गुना ज्यादा शक्तिशाली दिखाई देती है।

### चुंबकीय क्षेत्र की भूमिका है

*असल में जूपिटर यानि कि बृहस्पति के इन चमकते ऑरोरा के पीछे उसके विशाल चुंबकीय क्षेत्र की भूमिका है जो धरती के मुकाबले हजारों गुना अधिक शक्तिशाली है। खास बात यह है कि ये ऑरोरा केवल सौर हवाओं से नहीं बनते, बल्कि बृहस्पति के चंद्रमा 'इओ' की ज्वालामुखीय गतिविधियों से भी प्रभावित होते हैं। इओ के ज्वालामुखियों से निकलने वाली गैसें विशेष रूप से सल्फर और ऑक्सीजन बृहस्पति के शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र में फंस जाती हैं। ये कण वहां विद्युत धाराओं का निर्माण करते हैं जिससे ग्रह के ध्रुवों पर यह चमकदार रोशनी उत्पन्न होती है।*



### किसी चमत्कार से कम नहीं..

यह अद्भुत खगोलीय घटना न केवल वैज्ञानिकों के लिए रोमांचक है, बल्कि अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए भी किसी चमत्कार से कम नहीं। सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों को देखकर लोग इसे अविश्वसनीय और शानदार कह रहे हैं। कुछ ने मजाक में यह भी कहा कि क्या हम इस खूबसूरत नजारे को देखने के लिए बृहस्पति जा सकते हैं! यह खोज हमें हमारे सौर मंडल की विशालता और रहस्यों के करीब लाने के साथ-साथ यह भी बताती है कि ब्रह्मांड में अभी बहुत कुछ ऐसा है जिसे जानना बाकी है।

### ऑरोरा बोरेलिस और ऑरोरा ऑस्ट्रेलिस..

वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि धरती पर उत्तरी या दक्षिणी रोशनी ऑरोरा बोरेलिस और ऑरोरा ऑस्ट्रेलिस अस्थायी होती है और सूर्य से आने वाली आवेशित कणों की वजह से बनती है। लेकिन, बृहस्पति पर ये प्रकाश हमेशा बने रहते हैं। इनका रंग मुख्य रूप से नीला और पराबैंगनी होता है जिसे केवल शक्तिशाली टेलीस्कोप या अंतरिक्ष मिशनों के जरिए ही देखा जा सकता है। नासा का जूनो मिशन और हबल टेलीस्कोप पिछले कई वर्षों से इन ऑरोरा का अध्ययन कर रहे हैं। जिससे वैज्ञानिकों को बृहस्पति के वायुमंडल, उसके चुंबकीय क्षेत्र और अंतरिक्ष मौसम को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिल रही है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### नहीं मिले डाक्टर

कुछ महीने पहले शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में फैकल्टी की कमी को पूरा करने के लिए व्यापक स्तर पर संविदा भर्ती निकाली गई थी। आस थी कि रायपुर कालेज के क्रेज को देखते हुए बड़ी संख्या में उम्मीदवार इसके लिए आवेदन करेंगे। वास्तविकता इसके विपरीत निकली और डेढ़ सौ से ज्यादा में केवल डेढ़ दर्जन पर भी भर्ती हो पाई। कई पद तो ऐसे थे जिसके लिए एक भी आवेदक सामने नहीं आया।

### रिक्त पदों की स्थिति

| विभाग | प्राध्यापक | रिक्त | सह प्राध्यापक | रिक्त | सहायक प्राध्यापक | रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मेडिसीन | 14 | 7 | 37 | 22 | 53 | 24 |
| रेस्पेरेटरी | 8 | 3 | 9 | 3 | 10 | 6 |
| डर्मेटोलॉजी | 9 | 3 | 10 | 3 | 11 | 8 |
| पीडियाट्रिक | 10 | 6 | 20 | 12 | 28 | 16 |
| सर्जरी | 14 | 8 | 36 | 18 | 53 | 25 |
| अस्थि रोग | 11 | 6 | 18 | 8 | 30 | 12 |
| नेत्र रोग | 11 | 4 | 13 | 10 | 15 | 12 |
| स्त्री रोग | 11 | 8 | 22 | 11 | 30 | 18 |
| ईएनटी | 11 | 7 | 14 | 5 | 20 | 15 |
| निश्चेतना | 11 | 9 | 26 | 12 | 42 | 21 |
| रेडियोडायग्नोसिस | 11 | 4 | 16 | 4 | 26 | 5 |
| रेडियोथेरेपी | 8 | 4 | 12 | 4 | 25 | 13 |
| एनाटामी | 10 | 3 | 15 | 13 | 27 | 12 |
| फिजियोलॉजी | 10 | 6 | 15 | 8 | 26 | 8 |
| बायोकेमेस्ट्री | 10 | 6 | 11 | 5 | 19 | 9 |

# मेडिकल कॉलेज 10, पढ़ाने वाले टीचर्स सिर्फ 437, चार सौ से ज्यादा पद खाली, जोड़-तोड़ कर टाला जा रहा जीरो ईयर

खास खबर

विकास शर्मा ⏭ रायपुर

राज्य में मेडिकल कालेजों की संख्या में इजाफा हो रहा है, लेकिन फैकल्टी पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जैसे तैसे कॉलेज खुल रहे हैं, पर पढ़ाने के लिए टीचर्स नहीं हैं। आंकड़े बताते हैं कि राज्य के मौजूदा दस मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई के लिए विभिन्न श्रेणियों के लिए 847 पद स्वीकृत तो हैं, पर इनमें से सिर्फ 437 पद ही भरे हैं यानी 400 से ज्यादा पद खाली हैं। हालात यह हैं कि मेडिकल कॉलेजों को जीरो ईयर से बचाने हर दफा जोड़ तोड़ और गुणा-भाग का सहारा लेना पड़ रहा है।

चिकित्सा महाविद्यालयों को मान्यता प्रदान करने के दौरान एनएमसी द्वारा आपत्ति दर्ज कराई जाती है। इस दौरान काफी जोड़-तोड़कर कालेजों के जीरो ईयर के खतरे को टाला जाता है, चिकित्सा शिक्षकों की कमी का स्थायी सामाधान नहीं किया जा रहा है। राज्य में चिकित्सा शिक्षकों के स्वीकृत और भरे पद के आंकड़ों पर गौर करे तो पता चलता है कि राज्य के ज्यादातर सरकारी मेडिकल कालेज आधी फैकल्टी के साथ संचालित हो रहे हैं। राज्य शासन के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के मेडिकल कालेजों में प्राध्यापक के कुल 148 पद स्वीकृत हैं, इनमें से 84 पद ही भरे हुए हैं। सह प्राध्यापक के 274 पद हैं मगर काम करने वालों की संख्या 138 है। वैसे तो चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के 425 पद है मगर शिक्षक देने वालों संख्या 215 है। यानी मेडिकल टीचर्स के 847 के पदों की तुलना में 437 यानी 50 फीसदी पद खाली पड़े हैं।



कॉलेज तो खुल रहे, पर फैकल्टी पर ध्यान नहीं, अभी भी चार नए कॉलेज कतार में

### संविदा वाले नहीं हो पाए नियमित

चिकित्सा महाविद्यालयों में ऐसे चिकित्सकों की संख्या भी काफी अधिक है जिनकी संविदा सेवा नियमित होने के इंतजार में रिटायरमेंट के कगार पर पहुंच चुकी है। शासन द्वारा इन संविदा चिकित्सा शिक्षकों को रेगुलर करने के लिए किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। संविदा भर्ती में बेहतर भविष्य का अभाव होने की वजह से भी छोटे स्तर पर होने वाली भर्ती के लिए पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार नहीं पहुंच पाते।

### हो जाएंगे 14 मेडिकल कालेज

हर जिले में एक मेडिकल कालेज के केंद्र सरकार की योजना के तहत राज्य में वर्तमान में दस मेडिकल कालेज संचालित हो रहे हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या बढ़कर 14 होने की संभावना है। भविष्य में कबीरधाम, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी, जांजगीर-चांपा एवं दंतेवाड़ा में नया चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की तैयारी है। चार नए कालेज खुलने के बाद चिकित्सा शिक्षकों की कमी और बढ़ जाएगी क्योंकि कालेज की शुरूआत करने लिए नए पद सृजित करने की आवश्यकता भी होगी।

---

गांव छोड़ो या मरो...नक्सली फरमान

# आठ परिवारों का हुक्का पानी बंद, 17 ने घर छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/गीदम

दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के दो गांव के आठ परिवार के 17 सदस्यों को नक्सलियों ने जनअदालत में तलब किया फिर उन्हें गांव छोड़ने का फरमान जारी किया। नक्सलियों ने सभी पर पुलिस मुखबरी का आरोप लगाया है। जिसके बाद नक्सलियों के खौफ के चलते सभी ग्रामीणों ने बस्तर ज़िले के किलेपाल व वाहनपुर गांव में पनाह लेने पहुचे हैं।

हरिभूमि फॉलोअप

जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा और बीजापुर ज़िले के सरहदी पंचायत तुसवाल के तोड़मा के 3 तथा कोहकाबेड़ा गांव के 5 कुल आठ परिवारों ⏭ शेष पेज 6 पर

दंतेवाड़ा के बारसूर थाना क्षेत्र के तुसवाल पंचायत के तोड़मा व कोहकाबेड़ा गांव के ग्रामीण



### पूर्वी बस्तर डिविजन के नक्सलियों ने लगाई थी जनअदालत

बताया जा रहा है कि तीन दिन पूर्व नक्सल संगठन के पूर्वी बस्तर डिविजन के करीब 50 की संख्या में माओवादी गांव पहुंचे थे। इसके बाद ग्रामीणों को बारसूर थाना क्षेत्र के जंगल में ले जाकर जनअदालत लगाई। नक्सलियों ने जनअदालत में ग्रामीणों पर थुलथुली मुठभेड़ में पुलिस के लिए मुखबरी करने का आरोप लगाया है। नक्सलियों का कहना था कि पुलिस मुखबिरी करने की वजह से थुलथुली मुठभेड़ में उनके कई साथी मारे गए थे।

**इन गांवों के ग्रामीणों ने नक्सल फरमान के बाद गांव छोड़ा:** बाररसूर थाना क्षेत्र के तुसवाल पंचायत के जिन ग्रामीणों ने गांव छोड़ा इनमें कोहकाबेड़ा गांव के गुड्डूराम कुहरामी, दुकारू पदामी, श्रीमती लच्छनबाई, दुसो पदामी, राधिका, वैशूराम पदामी, सामो, हान्दे, नंदू पदामी, मनीराम कश्यप, मंगल कश्यप, रोण्डा वेको, सुकड़ी, प्रमिला तथा ग्राम तोड़मा के लक्ष्मण कश्यप, पायको कश्यप व मनारू करटामी शामिल है।

---

ब्रिटेन में विदेश मंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक, भारत ने जताया कड़ा ऐतराज

# खालिस्तानियों ने रोकी जयशंकर की कार, तिरंगा का किया अपमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यह घटना तब हुई जब खालिस्तान समर्थकों का एक समूह, भारतीय राष्ट्रीय ध्वज और लाउडस्पीकर लेकर, लंदन के चैथम हाउस के बाहर नारेबाजी कर रहा था। विदेश मंत्री एस जयशंकर वहां जब कार्यक्रम से निकल रहे थे तो एक व्यक्ति उनकी कार की ओर दौड़ा और पुलिस अधिकारियों के सामने तिरंगे का अपमान किया। शुरुआत में कार्रवाई करने में झिझकते हुए दिखाई देने के बावजूद, मौके पर मौजूद पुलिस ने बाद में उस व्यक्ति और अन्य खालिस्तान ⏭ शेष पेज 6 पर



*लंदन में भारत विरोधी नारे लगा रहे खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों में शामिल एक व्यक्ति द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर की कार को रोकने की कोशिश की। इस दौरान भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया। भारत ने इस घटना की निंदा की है।*

### विदेश मंत्रालय ने जताई नाराजगी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा संबंधी चूक की घटना के फुटेज देखे हैं। उन्होंने कहा, हम अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की उकसावे वाली गतिविधियों की निंदा करते हैं। जायसवाल ने कहा, हम ऐसे तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग किए जाने की निंदा करते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि ऐसे मामलों में मेजबान सरकार अपने कूटनीतिक दायित्वों का पूरी तरह से पालन करेगी।



### भारतीय उच्चायोग से उतार दिया था भारतीय ध्वज

कुछ खालिस्तान समर्थक तत्वों ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर लगे भारतीय ध्वज को मार्च, 2023 में उतार दिया था। इस घटना के बाद भारत ने दिल्ली में सबसे वरिष्ठ ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया था।

**क्या है मामला:** लंदन महानगर पुलिस के प्रवक्ता ने कहा, जब मंत्री जयशंकर कार्यक्रम से बाहर निकले तो एक प्रदर्शनकारी झंडा लहराते हुए उनकी खड़ी कार के सामने दौड़ा। उन्होंने बताया, अधिकारियों ने उसे तुरंत रोक लिया और वहां से हटा दिया। वह मंत्री के करीब नहीं आया और मंत्री बिना किसी और घटना के इलाके से निकल गए।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में नजर आ रहा है कि खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों का एक छोटा समूह पीले झंडे पकड़े हुए 'चैथम हाउस' के सामने सड़क के एक ओर खड़े होकर भारत और जयशंकर के खिलाफ नारे लगा रहा था। जयशंकर जैसे ही संस्थान से निकले, एक व्यक्ति पुलिस की घेराबंदी तोड़कर जयशंकर के काफिले की ओर भागने की कोशिश करता हुआ दिखाई दिया। लंबा और दाढ़ी वाला यह व्यक्ति मंत्री के काफिले के सामने खड़े होकर उन्हें रोकने की भी कोशिश करता नजर आया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अधिकारी उस व्यक्ति को तुरंत अपने साथ ले गए। खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा सुरक्षा का उल्लंघन किए जाने की यह पहली घटना नहीं है।

---

# उप समिति खड़गांव से 70 लाख का धान गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

धान खरीदी के दौरान समितियों में बड़े पैमाने पर बोगस धान खरीदी की गई। समिति प्रबंधकों द्वारा मोटी कमाई के चक्कर में कागजों में धान की खरीदी कर ली गई लेकिन अब जब समितियों में धान उठाव के दौरान भौतिक सत्यापन किया गया तो गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। ताजा मामला सरगुजा के खड़गवां धान खरीदी केंद्र का सामने आया है जहां 21 सौ क्विंटल धान कम पाया गया है। समिति ⏭ शेष पेज 6 पर

### सरगुजा में बड़े पैमाने पर की गई बोगस धान की खरीदी




**बढ़ाया गया जांच का दायरा:** महज एक उप समिति में 70 लाख रुपए की बोगस खरीदी के बाद जिला प्रशासन के भी कान खड़े हो गए है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई कि खरीदी केंद्र ⏭ शेष पेज 6 पर

### निलंबित किया गया

भौतिक सत्यापन के दौरान राजापुर समिति के उप समिति खड़गांव में 21 सौ क्विंटल धान कम मिला। गड़बड़ी है के मामले में खरीदी प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मामले में वसूली और एफआईआर की कार्रवाई भी की जाएगी। उठाव पूर्ण होने के बाद सभी समितियों का भौतिक सत्यापन भी कराया जाएगा।

- चित्रकांत ध्रुव
जिला खाद्य अधिकारी

# देशभर के एसडीपीआई के ठिकानों पर छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने प्रतिबंधित 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' के राजनीतिक संगठन 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' के खिलाफ धनशोधन मामले में जांच के तहत छापे मारे। एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. के. फैजी को गिरफ्तार किए जाने के बाद छापेमारी की गई।

- प्रतिबंधित संगठन से जुड़े राजनीतिक पार्टी के तार

### केंद्र ने लगाया है बैन

पीएफआई के आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण उसे एक गैरकानूनी संगठन बताते हुए केंद्र सरकार ने सितंबर, 2022 में उसे प्रतिबंधित कर दिया था। पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने से पहले ईडी, एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) और विभिन्न राज्य पुलिस संगठनों ने मिलकर उसके खिलाफ छापेमारी की थी।

---

राहत और बचाव कार्य जारी

# कोयला खदान का गिरा स्लैब तीन मजदूर की मौत, कई दबे

एजेंसी ⏭ बैतूल

बैतूल जिले के डब्ल्यूसीएल की छतरपुर-1 कोयला खदान में एक फेज की स्लैब अचानक गिरने से कई मजदूर मलबे में दब गए। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। रेस्क्यू टीम, एसडीआरएफ और पुलिस का दल मौके पर पहुंच गया।

### मृतकों की शिनाख्त

इस हादसे में जिन 3 मजदूरों की मौत हुई है, उनकी शिनाख्त हो चुकी है। बैतूल एसपी निश्चल झारिया ने कहा कि हादसे में शिफ्ट इंचार्ज गोविंद, ओवर मेन हरि चौहान और माइनिंग सरदार रामदेव पंडौले की मौत हो गई है।

# छत्तीसगढ़ के चार आईएएस केंद्र में सचिव इम्पैनल


मनोज पिंगुआ


विकासशील

- देश के 37 अफसरों का इम्पैनल


निधि छिब्बर


ऋचा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के 94 बैच के चार आईएएस अफसरों को केंद्र सरकार में सचिव इम्पैनल किया गया है। इनमें एसीएस मनोज पिंगुआ, एसीएस ऋचा शर्मा, एसीएस विकासशील एवं एसीएस निधि छिब्बर के नाम शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों के 37 अफसरों को सचिव इम्पैनल किया है। इनमें 94 बैच के 27 आईएएस अफसर हैं। खास बात ये है कि प्रदेश में 94 बैच के चार आईएएस हैं, वे सभी केंद्र में इम्पैनल किए गए हैं। इनमें विकासशील एवं निधि छिब्बर पति-पत्नी हैं और दोनों ही डेपुटेशन पर हैं। वहीं श्री पिंगुआ जेल एवं गृह विभाग के चार्ज में हैं। वहीं ऋचा शर्मा के पास फूड एवं फॉरेस्ट की जिम्मेदारी है।



## चिंतन

# विश्व को ट्रेड वॉर की ओर धकेल रही ट्रंप की सनक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक ने पूरी दुनिया में ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका पैदा कर दी है। डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगा चुके हैं। इसके जवाब में कनाडा ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है। अब ट्रंप चीन और कनाडा ही नहीं, भारत पर भी भारी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। राष्ट्रपति ने अमेरिकी संसद के ज्वाइंट सेशन को संबोधित करते हुए भारत के साथ जैसे तो तैसा टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। यह भी नहीं है कि ट्रंप ऐसा पहली बार कर रहे हैं। उनके पहले कार्यकाल के दौरान भी भारत से आयातित एल्युमिनियम और स्टील पर उच्च टैरिफ लगाए थे, जिसका असर भारत सहित कई देशों पर पड़ा था। इसके जवाब में भारत ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ लगाया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप भारत पर भी टैरिफ लगाते हैं तो इसका क्या असर होगा। क्या इसकी मार सिर्फ भारत पर ही पड़ेगी या फिर अमेरिका भी ट्रंप की 'टैरिफ सनक' की आग से झुलसेगा। यह तो साफ है कि भारतीय आयात पर टैरिफ लगाने का असर न केवल दोनों देशों के राजनयिक रिश्तों पर पड़ेगा बल्कि भारत और अमेरिका दोनों के उद्योगों और आम लोगों पर भी पड़ेगा। अमेरिका और चीन भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने पर निश्चित तौर पर भारत हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। वह भी जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा। ऐसे में अमेरिका का भारत के साथ किसी छुटभैया की तरह व्यवहार करना सुपरपावर के लिए महंगा सौदा साबित हो सकता है। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 119.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसमें भारत का लगभग 35.31 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस है। इसका मतलब है कि देश के निर्यात का मूल्य उसके आयात के मूल्य से अधिक है। अमेरिका भारतीय सामान पर टैरिफ बढ़ाता है तो यह व्यापार संतुलन बिगड़ सकता है। इससे भारतीय उद्योगों के लिए चुनौतियां पैदा होंगी, लेकिन इसका सीधा असर अमेरिका पर भी पड़ेगा। वहां महंगाई बढ़ने का खतरा पैदा होगा। जब ट्रंप प्रशासन ने पहली बार टैरिफ लगाया था तो अमेरिका में महंगाई की मार शुरू हो गई थी। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिकी सामानों पर टैरिफ कम करे और उनसे अधिक खरीदे। ट्रंप और मोदी के बीच हाल ही में हुई वार्ता के बाद अमेरिका ने व्यापारिक संबंध बढ़ने के महत्व पर जोर तो दिया, लेकिन संसद में ट्रंप ने टैरिफ लगाने का ऐलान करके नई स्पर्धा खड़ी कर दी है। अमेरिका से भारत को कच्चा तेल और पेट्रोलियम पदार्थों का आयात सबसे ज्यादा किया जाता है। मोती, कीमती पत्थर और नकली आभूषणों का इसके बाद नंबर आता है। इसके अलावा भारत अमेरिका से स्टील, महंगी मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, परमाणु रिएक्टर और बॉयलर जैसे पावर प्लांट के उपकरण, विद्युत मशीनरी और उपकरण, विमान, चिकित्सा और सैन्य उपकरण भी बड़ी मात्रा में खरीदता है। भारत अमेरिका को हीरे और आभूषण, चिकित्सा उपकरण और सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, कृषि उत्पाद, टेक्सटाइल और परिधान, बैग, जूते आदि निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सॉफ्टवेयर और अन्य सर्विसेज के लिए भी बड़ा बाजार है। टैरिफ वार शुरू होने से इन उद्योगों पर सीधा असर पड़ेगा। पहले से ही ट्रंप की टैरिफ वार से दुनियाभर के शेयर बाजार दहशत में हैं। अगर वे लगातार ऐसे ही फैसले लेते हैं तो नई विश्व ट्रेड वार छिड़ने की आशंका है। वे पूरी दुनिया के लिए घातक होगी।

## दो टूक



रोहित कौशिक

# अनर्गल बयानों से गिर रही राजनेताओं की साख

इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर कांग्रेस की महिला प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद की टिप्पणी से एक नया हंगामा हो गया है। शमा मोहम्मद ने रोहित शर्मा को मोटा खिलाड़ी बताया और उन्हें वजन कम करने की सलाह दी थी। हालांकि कांग्रेस ने शमा मोहम्मद के बयान से किनारा कर लिया है लेकिन इस टिप्पणी के बाद कांग्रेस बैठे-बिठाए ही सवालों के घेरे में आ गई है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। कांग्रेस के राजनेता या प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस पर हमलावर होने के मौके दे देते हैं। कांग्रेस के कुछ राजनेता यह समझने के लिए तैयार नहीं हैं कि उन्हें किस तरह का व्यवहार करना है। कांग्रेस के नेता यह गंभीरता कब समझेंगे कि उनके वक्तव्य का समाज पर असर पड़ता है। सार्वजनिक रूप से या फिर सोशल मीडिया पर ऐसे बयान नहीं दिए जाने चाहिए जिससे कांग्रेस की राजनीति पर गलत असर पड़े। पहले तो कांग्रेस के नेता बिना सोचे-समझे बयान दे देते हैं और फिर अपने बयानों पर सफाई देते फिरते हैं। ऐसे माहौल में कांग्रेस पार्टी असमंजस की स्थिति में आ जाती है। केन्द्र और ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस सत्ता से दूर है। क्या ऐसे बयानों से कांग्रेस को कोई लाभ होने की उम्मीद है। निश्चित रूप से ऐसे बयान कांग्रेस की परेशानी ही बढ़ाएंगे। कांग्रेस को यह सोचना होगा कि वह कैसे अपना खोया हुआ जनाधार वापस पा सकती है। जनता कांग्रेस पर तभी विश्वास कर पाएगी, जब कांग्रेस अपने व्यवहार में भी गंभीरता दिखाएगी। शमा मोहम्मद ने एक्स पर लिखा था कि रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है। साथ ही वह भारतीय टीम के अब तक के सबसे निराशाजनक कप्तान हैं। वह एक औसत कप्तान होने के साथ-साथ औसत खिलाड़ी भी हैं, जिन्हें भारत का कप्तान होने का सौभाग्य मिला है। शमा मोहम्मद मूल रूप से केरल की रहने वाली डेंटिस्ट हैं। उन्हें 2018 में पहली बार कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया। 2019 में भी अपने एक बयान के कारण शमा मोहम्मद चर्चा में आई थीं। उस समय उन्होंने कांग्रेस के टिकट वितरण पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि जब संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, ऐसे समय में कांग्रेस को केरल में ज्यादा महिलाओं को टिकट देना चाहिए था। भारतीय जनता पार्टी ने शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर कांग्रेस को घेरा। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जो लोग राहुल गांधी की कप्तानी में 90 चुनाव हार चुके हैं, वे रोहित शर्मा की कप्तानी को अप्रभावी बता रहे हैं। मुझे लगता है कि दिल्ली में 6 बार शून्य पर आउट होना और 90 बार चुनाव हारना प्रभावशाली है लेकिन टी 20 विश्वकप जीतना प्रभावशाली नहीं है। वैसे कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है। हालांकि कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जो शमा मोहम्मद ने कहा है कि वह पार्टी का स्टैंड नहीं है। शमा को एक्स से संबंधित पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है। कांग्रेस भारतीय खिलाड़ियों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर टिप्पणी करने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद खूब ट्रोल हो रही हैं। एक्स पर रोहित शर्मा के फैन्स शमा से नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस टिप्पणी को अनुचित बताया है। राहुल गांधी भी शमा की टिप्पणी से नाराज बताए जा रहे हैं। सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता कब तक ऐसी हरकतें करते रहेंगे जो कांग्रेस के लिए अनावश्यक समस्याएं पैदा करें। शायद ऐसे नेताओं को ज्यादा बोलने की बीमारी हो रही है। अतिरेक में कुछ भी कह देना ऐसे नेताओं की आदत में शुमार हो गया है। भाजपा के कई नेता भी अपनी टिप्पणियों के लिए अक्सर चर्चा में रहते हैं। अतिरेक में बयान देने वाले और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेता चाहे कांग्रेस में हों या फिर भारतीय जनता पार्टी में हों, अपना ओछापन दिखा ही देते हैं। जनप्रतिनिधियों को तो बहुत सोच-समझ कर बयान देने चाहिए लेकिन जनप्रतिनिधि घमंड में इतने चूर हैं कि कुछ भी बयान दे देते हैं। ऐसे बयान वास्तविकता से बहुत दूर होते हैं। बयान बहादुर बनने वाले राजनेताओं को यह सोचना चाहिए कि ऐसे बयानों से राजनीति की गरिमा तो गिरती ही है, राजनेताओं की साख भी दांव पर लग जाती है। राजनीति में राजनेताओं की साख बचे रहना बहुत जरूरी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में राजनेताओं के क्रियाकलापों की वजह से उनकी साख लगातार गिरती जा रही है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



टैरिफ कटौती

प्रो. अश्वनी महाजन


# टेस्ला का भारतीय ईवी उद्योग पर असर

टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं।

लंबे समय से इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली एक अमेरिकी कंपनी टेस्ला, जिसकी इलेक्ट्रिक कारें अमेरिका और अन्य देशों में काफी लोकप्रिय है, भारत में अपनी कारों को बेचने के लिए प्रयास करती रही है। कंपनी का यह कहना है कि पहले उसे अपनी कारें बेचने हेतु मार्ग प्रशस्त किया जाए, और बाद में कंपनी भारत में उत्पादन केंद्र खोलकर यहीं पर विनिर्माण शुरू करने पर विचार करेगी। गौरतलब है कि लंबे समय से भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र के संरक्षण हेतु सरकार विदेशों से आने वाले वाहनों पर भारी आयात शुल्क लगाती रही है। अभी तक 40 हजार डॉलर की कीमत से ज्यादा की कारों पर 110 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाता है। 40 हजार डालर से कम की कारों पर आयात शुल्क 60 प्रतिशत है।

टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके साथ ही टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। गौरतलब है कि लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल कंपनियां टेस्ला समेत सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं। उनका विरोध बिना कारण नहीं रहा। जब लगभग तीन साल पहले भारत में टेस्ला कंपनी ने आयात शुल्क घटाने हेतु लॉबिंग शुरू की थी, तब तक देश में इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन अत्यंत शैशव अवस्था में था।

भारतीय कंपनियों का कहना था कि यदि इस स्थिति में टेस्ला कंपनी की विनिर्मित कारों पर आयात शुल्क घटाया जाता है तो उनके द्वारा देश में विकसित इलेक्ट्रिक कारों के विकास में बाधा आएगी। एक वर्ष पहले भी इसी प्रकार का प्रयास टेस्ला कंपनी द्वारा किया गया था, तो ऐसे में भारत सरकार ने यह शर्त लगाई थी कि टेस्ला कंपनी भारत में अपना उत्पादन केंद्र शुरू करेगी। जहां तक कारों के आयात का प्रश्न है, कंपनी को 15 प्रतिशत के अत्यंत कम आयात शुल्क पर अधिकतम आठ हज़ार कारों के आयात हेतु अनुमति दी गई थी। अभी जहां आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया गया है, अधिकतम कारों की सीमा को बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही देश में यह बहस शुरू हुई है कि टेस्ला कंपनी को कम आयात शुल्क पर अधिक कारें आयात करने की अनुमति से भारत के इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण पर क्या असर पड़ सकता है? समझना होगा कि भारतीय ईवी उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसका बाजार आकार 20 प्रतिशत वार्षिक से भी अधिक तेजी से, 2032 तक लगभग 118 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वर्तमान में कुल वाहन बिक्री में ईवी की मात्र 5 प्रतिशत ही हिस्सेदारी है, लेकिन दो पहिया और तिपहिया वाहनों की श्रेणियों में ईवी को तेजी से अपनाने के कारण यह संख्या 2030 तक 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और विनिर्माण के लिए एक दृढ़ और अनुकूल



सरकारी नीतियां रही हैं। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक दो पहिया और तिपहिया वाहनों की बढ़ती मांग ईवी उद्योग के लिए एक प्रेरक शक्ति रही है। साथ ही, बैटरी की लागत में भी भारी कमी आई है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें भी कम हुई हैं। चार पहिया वाहनों के क्षेत्र में टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि दो पहिया वाहनों के क्षेत्र में ओला एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है। टेस्ला कारों पर टैरिफ़ में कटौती के बाद भी टेस्ला कारों की ऑन-रोड कीमत 45 लाख रुपये से दो करोड़ रुपये के बीच होगी।

दूसरी ओर, ज़्यादातर भारतीय ईवी कारों की कीमत आठ लाख रुपये से 20 लाख रुपए के बीच ही है। इसलिए, यह मानना कि टेस्ला कारों के आने से भारतीय इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन और बिक्री पर बुरा असर पड़ेगा, सच नहीं है। भारत सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। ईवी पर वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) को 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर कुछ सीमा तक सब्सिडी भी दी जाती है। सरकार डिजिटल लेनदेन जैसे कुशल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहन दे रही है। ईवी और उनके घटकों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की गई है। सरकार ने 2025 तक ईवी के लिए 2.7 लाख सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य भी रखा है। राज्यों द्वारा भी ईवी नीतियों को लागू किया जा रहा है, जिसमें 50 प्रतिशत राज्यों की अपनी ईवी नीतियां हैं। इन नीतियों में ईवी खरीद के लिए वित्तीय प्रोत्साहन, रोड टैक्स और कार पंजीकरण शुल्क से छूट और ईवी खरीद के लिए कम ऋण ब्याज दरें शामिल हैं।

दिल्ली और कई अन्य राज्यों में ईवी को रोड टैक्स के भुगतान से छूट दी गई है। कुल मिलाकर, भारत सरकार और राज्य सरकारें राजकोषीय और गैर-राजकोषीय प्रोत्साहन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और राज्य ईवी नीतियों के माध्यम से ईवी उद्योग को व्यापक बढ़ावा दे रही हैं। टेस्ला समेत आयातित कारों पर टैरिफ कम करने के सरकार के इस फैसले के बाद, ऐसा लग रहा है कि टेस्ला भारतीय ईवी बाजार का एक बड़ा हिस्सा छीन सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि टैरिफ कम करने के बाद भी टेस्ला भारत में अधिकतम 50,000 वाहन ही बेच सकती है। अगर हम देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री देखें तो चीनी दिग्गज पहले ही ईवी बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर चुके हैं। हालांकि, भारत सरकार ने चीन से निवेश पर खासी कड़ाई कर दी है, जिसने भारत में चीनी ईवी खिलाड़ियों की योजनाओं को धूमिल कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद चीनी कंपनियां अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ साझेदारी करके इन चुनौतियों से निपटने के तरीके खोज रही हैं।

हालांकि, सुरक्षा चिंताओं के चलते चीनी कारों के भारत में प्रवेश को लेकर सरकार की ओर से की गई प्रतिबंधों के कारण, इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के मामले में चीन से अभी भी बड़ी चुनौती आ रही है। भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण तो शुरू कर दिया है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों, खासकर बैटरी और मोटरों के लिए इन कंपनियों की बहुत बड़ी निर्भरता बनी हुई है। वर्तमान बजट में, भारत सरकार ने इन कलपुर्जों के निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल पर बुनियादी सीमा शुल्क को कम करके इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी और मोटरों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने का एक गंभीर प्रयास किया है। यह माना जा सकता है कि आने वाले वर्षों में, आत्मनिर्भर भारत रणनीति के तहत, भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा।

(लेखक पीजीडीएवी कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

# सफलता पाने क्यों मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी है?



संकलित

**दर्शन**

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

# व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## अट्टुकल पोंगाला उत्सव



तिरुवनंतपुरम में गुरुवार अट्टुकल पोंगाला उत्सव के दौरान भक्त अटुकलदेवी मंदिर में नारंगविलक्कू अनुष्ठान करते हुए।

## आज की पाती

### मतदान के लिए न आना वाकई चिंताजनक

राजनीति और लोकतंत्र की ताकत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में निहित है। आखिरकार, मतदान एक महत्वपूर्ण शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है और हर मतदाता के लिए इसे पहचानना महत्वपूर्ण है। राष्ट्र हमारा है और हमारा लोकतंत्र भी हमारा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में, वोट की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस शक्ति से हम अपना और अपने बच्चों का भविष्य संवारते हैं। इसलिए 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह चुनाव में भाग ले। मतदान न करने का विकल्प चुनना अनिवार्य रूप से इस लोकतांत्रिक दायित्व से विमुख होना है। हर मतदाता को अपने व्यस्त जीवन के बावजूद चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास करना चाहिए। जिस तरह लोग सुख-समृद्धि के लिए पूजा स्थलों पर जाने को समय निकालते हैं, उसी तरह मतदान के लिए भी समय निकालना चाहिए। *-साकेत अग्रवाल, महासमुंद*

## ट्रेंड

### शीतकालीन पर्यटन



देवभूमि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। हर्षिल में इसी से जुड़ी ट्रैक और बाइक रैली में शामिल लोगों के जोश और उत्साह ने नई ऊर्जा से भर दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### नेशनल कोआर्डिनेटर



अब रामजी गौतम व रणधीर बेनीवाल दोनों बीएसपी नेशनल कोआर्डिनेटर के रूप में सीधे तौर पर देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र


### फेरोक्रोम का महत्व



क्या आप जानते हैं स्टील को 'स्टेनलेस' क्या बनाता है। फेरोक्रोम जो क्रोमियम से बनता है। इसमें अद्भुत जंगरोधी गुण होते हैं जो स्टील को खाना पकाने के बर्तनों से लेकर कारों तक के अनुप्रयोगों में इस्तेमाल करने में सक्षम बनाते हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### वन्यजीव कल्याण



अनंत अंबानी और वंतारा में उनकी पूरी टीम वन्यजीव कल्याण में उल्लेखनीय बदलाव ला रही है। बचाव, पुनर्वास और संरक्षण के प्रति उनका समर्पण एक अधिक टिकाऊ और दयालु पारिस्थितिकी तंत्र को आकार दे रहा है।

-विराट कोहली, क्रिकेटर

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# कश्मीर पर जयशंकर की टिप्पणी 'बेबुनियाद': पाक



पाकिस्तान ने कश्मीर के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी को 'बेबुनियाद' बताते हुए बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। साथ ही इस मुद्दे के समाधान की मांग की। जयशंकर ने बुधवार को लंदन में चैथम हाउस थिंक-टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि कश्मीर विवाद का समाधान 'कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है।' पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में जयशंकर की इस टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारत से कश्मीर के उस हिस्से को खाली करने को कहा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। खान ने कहा, 'हम पांच मार्च को लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत के विदेश मंत्री की ओर से की गई टिप्पणी को खारिज करते हैं।' उन्होंने कहा, 'आजाद जम्मू-कश्मीर के बारे में बेबुनियाद दावे करने के बजाय भारत को पिछले 77 वर्षों से अपने कब्जे में रखे गए जम्मू-कश्मीर के एक बड़े क्षेत्र को खाली कर देना चाहिए।'

## ऑफ बीट

# अपने दर्द को 10 में से अंक देना क्यों मुश्किल है?



सबसे सामान्य पैमाना 50 सालों से है। यह लोगों से उनके दर्द को शून्य (कोई दर्द नहीं) से लेकर दस (आमतौर पर 'सबसे तेज दर्द जिसकी कल्पना की जा सकती है') तक रेट करने के लिए कहता है। यह दर्द के सिर्फ एक पहलू -इसकी तीव्रता- पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि मरीज की हालत क्या है इसे तेजी से समझा जा सके।यह कितना दर्दनाक है? क्या यह बदतर हो रहा है? क्या उपचार से यह ठीक हो रहा है? रेटिंग स्केल समय के साथ दर्द की तीव्रता का पता लगाने के लिए उपयोगी हो सकते हैं। अगर दर्द के अंक आठ से चार हो जाते हैं, तो इसका मतलब है कि आप बेहतर महसूस कर रहे हैं - यह भी हो सकता है कि आपका चार अंक किसी अन्य व्यक्ति के चार अंक से अलग हो। शोध से पता चलता है कि क्रोनिक (पुराने) दर्द की गंभीरता में दो अंक (या 30) की कमी आमतौर पर एक ऐसे परिवर्तन को दर्शाती है जो दैनिक जीवन में अंतर लाता है। पेचीदा अनुभव पता करने के लिए बेहद संकुचित माध्यम मेरी बेटी की दुविधा पर विचार करें। कोई व्यक्ति सबसे भयानक दर्द की कल्पना कैसे कर सकता है? क्या हर कोई एक सी ही कल्पना कर सकता है?

# 7 नाबालिगों पर चलेगा अब बालिग जैसा केस

■ दिल्ली कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** इन दिनों अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले अधिकतर नाबालिग होते हैं। पढ़ने लिखने की उम्र में वे गलत रास्ते पर निकल जाते हैं और अपनी जिंदगी खराब कर लेते हैं। कई युवा तो छोटे-मोटे अपराधों में फंसते हैं, तो वहीं कुछ नाबालिग जघन्य अपराध की तरफ बढ़ जाते हैं। दिल्ली में आए दिन नाबालिगों द्वारा जघन्य अपराध करने की भूमिका सामने आ रही है। इसे देखते हुए आउटर नॉर्थ पुलिस ने जघन्य अपराध में शामिल नाबालिगों पर बालिग क्रिमिनल्स की तरह मुकदमा चलाने के लिए कोर्ट से अपील की है। इसको लेकर दिल्ली के कोर्ट ने 7 नाबालिगों पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, इन सात आरोपियों में से तीन बादली थाने में बंद हैं और दो भलस्वा डेरी थाने में बंद हैं।

## केरल के रहने वाले हैं दोनों युवक, हत्या का है आरोप

# यूएई में अब 2 भारतीयों को मौत की सजा, अब तक 29 को मिली मौत

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दो और भारतीयों को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इन्हें हत्या के मामले में दोषी ठहराया है। विदेश मंत्रालय ने फांसी दिए जाने की पुष्टि की है। कुछ दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के बांदा की शहजादी खान को भी आबूधाबी की कोर्ट ने फांसी की सजा दी है। संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने जिन लोगों को हत्या के मामले में फांसी की सजा सुनाई है, वह दोनों केरल के रहने वाले हैं। विदेश मंत्रालय ने उनके नाम मोहम्मद रिनाश अरंगीलोट्टू और मुरलीधरन पेरुमथट्टा वलाप्पिल बताए हैं। रिनाश अल ट्रैवल एजेंसी में काम करता था। यूएई के अफसरों ने भारतीय दूतावास को इस मामले से 28 फरवरी को अवगत कराया है। बताया कि मोहम्मद रिनाश ने एक यूएई नागरिक की हत्या की थी, जबकि मुरलीधरन को भारतीय शख्स की हत्या के मामले में मौत की सजा सुनाई गई है।



### क्षमादान की याचिका खारिज

विदेश मंत्रालय ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है। बताया कि भारतीय दूतावास की ओर से दया याचिका लगाकर क्षमादान की मांग की गई थी, लेकिन यूएई की सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा बरकरार रखी। विदेश मंत्रालय ने पीड़ित परिवारों को मदद मुहैया कराया है। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जरूरी इंतजाम किए गए हैं।

### अब तक 29 भारतीयों को मौत

विदेश में भारतीयों को मौत की सजा सुनाने के मामले में यूएई सबसे आगे है। 13 फरवरी को राज्यसभा में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यहां 29 भारतीयों को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। बांदा की 33 वर्षीय शहजादी खान और केरल के 2 युवकों को सजा सुनाए जाने के बाद यह संख्या बढ़कर 31 हो गई है।

### शहजादी खान को भी मिली मौत

शहजादी खान को यूएई के आबूधाबी में 15 फरवरी को फांसी की सजा दी गई थी। वह केयर टेकर के तौर पर जॉब करती थी, लेकिन बच्चे की मौत के बाद परिवार ने उस पर हत्या का आरोप लगाया था। 2 साल से वह दुबई जेल में बंद थी। कोर्ट ने 4 माह पहले फांसी की सजा सुनाई थी। 5 मार्च को अंतिम संस्कार हुआ।

### हमास बंधकों को तत्काल रिहा करे नहीं तो उसकी मौत तय : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अपनी कड़ी बयानबाजी से चर्चा में हैं। इस बार उनका निशाना है आतंकवादी संगठन हमास, जिसने गाजा में कई इजरायली बंधकों को अपनी कैद में रखा है। ट्रंप ने हमास को अंतिम चेतावनी दी है। ट्रंप ने कड़े शब्दों में कह दिया है कि हमास गाजा में रखे गए इजरायल के सभी बंधकों को वापस करे नहीं तो उनकी मौत तय है।




# शमी के एनर्जी ड्रिंक पीने पर भड़के मौलाना, कहा- रोजा न रखकर गुनाह किया, माफी मांगें

## इधर, क्रिकेटर के समर्थन में आए बड़ी संख्या में लोग



**नई दिल्ली।** दुबई में खेले गए मैच के दौरान मोहम्मद शमी का जूस पीते हुए वीडियो सामने आया था, जिस पर बरेली के मौलानाओं ने नाराजगी जताई। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बयान जारी करके कहा कि इस्लाम ने रोजे को फर्ज करार दिया है। अगर कोई शख्स जानबूझकर रोजा नही रखता है तो वह निहायती गुनहगार है। मोहम्मद शमी ने रोजा नहीं रखा जबकि रोजा रखना उनका वाजिब फर्ज है। रोजा ना रखकर शमी ने बहुत बड़ा गुनाह किया है, शरीयत की नजर में वो मुजरिम हैं। शमी अपने गुनाहों के लिए अल्लाह से माफी मांगें।

### शिया पसर्नल लॉ बोर्ड ने किया समर्थन

दूसरी ओर इस मामले में शमी को धार्मिक नेताओं सहित आम लोगों का भी बहुत समर्थन मिला है। ऑल इंडिया शिया पसर्नल लॉ (एआईएसपीएलबी) के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूद अब्बास ने शमी पर हो रही बयानबाजी को सस्ती लोकप्रियता का तरीका बताया। उन्होंने कहा, 'इस्लाम में कोई जबरदस्ती नहीं है। बीजेपी नेता शहजाद अली इदरीसी ने कहा, इस मामले में सवाल खड़ा रखने वाले अपनी दुकानदारी चमका रहे हैं।

### शमी के भाई ने कहा- यह इतना बड़ा मुद्दा नहीं

शमी पर मचे बवाल पर उनके बयान मोहम्मद जैद का बयान भी सामने आया है। मोहम्मद जैद ने कहा,' भाई दुबई में खेल रहे हैं। दुबई का सफर बहुत लंबा है। इन मौलाना को भी पता होगा कि जब कोई 70 किलोमीटर के सफर से ज्यादा के सफर पर होता है तो वह रोजा छोड़ सकता है। ये इतना बड़ा कोई मुद्दा नहीं है।








# क्राइम-ड्रामा सीरीज से सौरव गांगुली करेंगे डेब्यू

**नई दिल्ली।** निर्देशक-निर्माता नीरज पांडे की नई वेब सीरीज खाकीः द बंगाल चैप्टर का ट्रेलर रिलीज किया गया। इस क्राइम ड्रामा की कहानी पश्चिम बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कई सितारों से सजी इस सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बंगाल टाइगर के नाम से जाने जाने वाले क्रिकेटर सौरव गांगुली भी नजर आ सकते हैं। नीरज पांडे ने इस बारे में ज्यादा कुछ तो नहीं बताया, लेकिन उन्होंने मुस्कुराते हुए सवाल का जवाब दिया और कहा कि जहां तक सौरव का सवाल है, देखते रहिए। नीरज का सिर्फ इतना कहना ही अब इन लोगों के जेहन में सौरव की मौजूदगी को लेकर और भी उत्सुकता बढ़ा गया है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## 'आरसी 16' में फर्स्ट लुक आया सामने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने गुरुवार को अपना 28वां जन्मदिन मनाया। इस खास दिन पर इनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरसी 16' के निर्माताओं ने एक्ट्रेस का एक लुक रिलीज करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साउथ इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता राम चरण और अभिनेत्री जान्हवी की आगामी फिल्म 'आरसी 16' का पहला लुक सामने आया है।

यह लुक एक्ट्रेस जान्हवी के जन्मदिन का खास तोहफा है, जो वृद्धि सिनेमा द्वारा शेयर किया गया है। इसमें एक्ट्रेस ट्रैक पैंट के साथ टीशर्ट पहने हुए दिख रही हैं और वह हाथ में एक बकरी लिए खुशी से झूम रही हैं। यह दृश्य गांव का है, जो फिल्म का एक बिहाइंड दी सीन है। हालांकि, इसमें एक्ट्रेस के किरदार के बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म 'देवरा' थी। उसके बाद एक्ट्रेस की यह दूसरी तेलुगु फिल्म है, जिसका लोगों को बेसब्रसी से इंतजार है। इस फिल्म में कई बड़े कलाकार भी शामिल हैं। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही फिल्म जल्द ही शीर्षक से भी पर्दा उठाने की योजना बना रही है। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम 'आरसी 16' रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से बनाए गए स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में हैं, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है।



## हॉलीवुड मसाला



# 'अनोरा' 37 दिन में हुई थी शूट

**नई दिल्ली।** अनोरा फिल्म की शूटिंग को 37 दिन में ही पूरा कर लिया गया था। हालांकि फिल्म के एक लंबे सीन को शूट करने में 10 दिन लग गए थे। यही नहीं, अनोरा से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा और भी है। फिल्म में युरा बोरिसोव और माइकी मेडिसन का एक लड़ाई का सीन है। इस सीन में जान डालने के लिए यूरा बोरिसोव ने माइकी से कहा था कि वह लड़ाई के सीन के दौरान उन्हें सही में मारेंगी। इस तरह सीन को पूरी तरह से नेचुरल रखने की कोशिश की गई।



# एड्रियन ब्रॉडी के लिए लकी है किस...

**नई दिल्ली।** साल 2025 यानी कि इस बार एड्रियन ने फिल्म द ब्रूटलिस्ट के लिए ऑस्कर का बेस्ट एक्टर अवॉर्ड जीता। इस जीत के अलावा उनका किसिंग वीडियो भी सोशल मीडिया पर चर्चा में है। क्योंकि, यह वीडियो ऑस्कर के ऑफीशियल पेज पर शेयर किया गया है। इससे पहले उन्होंने 22 साल पहले भी रेड कार्पेट पर एक किस किया था जो की चर्चा में रहा था। साल 2003 में जब एड्रियन और हैल रेड कार्पेट पर मिले थे तो दोनों ने किस किया था। इस साल एड्रियन अपनी फिल्म द पियानिस्ट के लिए बेस्ट एक्टर कैटेगिरी में नॉमिनेटेड थे और उन्होंने ये जीत अपने नाम की थी. अब जब दोबारा वो हैल से रेड कार्पेट पर मिले तो वो 22 साल पुराना मोमेंट दोहराया और एक बार फिर ये उनके लिए लकी चार्म साबित हुआ।

## 'डोरी 2' स्टारकास्ट से बातचीत...

# होली के रंग में भंग डालेगी 'राजनंदिनी'

**मुंबई।** कलर्स टीवी के चर्चित सीरियल 'डोरी 2' में इन दिनों लगातार ट्विस्ट पर ट्विस्ट आ रहे हैं। शो में 'डोरी' और 'मान' ने कॉन्ट्रैक्ट के तहत शादी कर ली है, जो 'राननंदनी' को रास नहीं आ रहा। जल्द ही शो में होली का त्योहार मनाया जाएगा, जिस बीच 'राजनंदनी' इस कॉन्ट्रैक्ट के पीछे का राज पता लगाने की कोशिश करेगी। सच जानने के लिए वह दोनों को भांग खिलाने वाली है। देखना होगा 'राजनंदनी' इस राज का पर्दा किस तरह उठाती है। बता दें, 'राजनंदिनी' का किरदार 'उतरन' और 'बिग बॉस 16' फेम श्रृजिता डे निभा रही हैं । हरिभूमि और आईएनएस 24X7 की टीम 'डोरी 2' के सेट पर पहुंची और सीरियल की लीड कास्ट प्रियांशी यादव और श्रृजिता डे से बातचीत की। बता दें, सीरियल 'उतरन' में श्रृजिता डे ने एक नेगेटिव किरदार निभाकर लोगों के दिलों में जगह बनाई थी। 'डोरी 2' सीरियल में भी उनका नेगेटिव रोल है । ऐसे में जब उनसे पूछा गया कि क्या नेगेटिव किरदार उन पर ज्यादा सूट करते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया।

नेगेटिव किरदार निभाने पर बोलीं श्रृजिता : 'नेगेटिव किरदार मुझ पर सूट करते हैं, इसलिए मैं इस बार भी ऐसा किरदार निभा रही हूं। मैं इसे एक कॉम्प्लिमेंट की तरह लेती हूं, क्योंकि नेगेटिव किरदार निभाना मुश्किल होता है। आपको काफी अलग तरह से सोचना होता है, क्योंकि असल जिंदगी में हम नेगेटिव किरदारों की तरह नहीं सोचते।' वहीं, 'पंड्या स्टोर' जैसे सीरियल में नजर आ चुकीं प्रियांशी से पूछा गया कि वह किस तरह के किरदार निभाना पसंद करेंगी।



### बिग बॉस के बाद जिंदगी में क्या बदलाव आया?

'बिग बॉस 16' में नजर आ चुकीं श्रृजिता ने बताया 'बिग बॉस के बाद बाहरी दुनिया के साथ-साथ मेरी पर्सनल लाइफ में भी काफी बदलाव आए हैं। अब मैं खुद को ज्यादा समझदार महसूस करती हूं, मेरा पेशेंस बढ़ा है, क्योंकि वह घर आपको बहुत कुछ सिखाता है। घर से मैं ज्यादा मैच्योर और सेंसिबल बनकर बाहर निकली, जो शायद मुझे अपने बारे में पहले नहीं पता था। अंदर से बहुत से बदलाव आए, जो मेरे लिए जरूरी थे।' 'डोरी 2' कलर्स पर सोमवार से शुक्रवार रात 10:30 बजे प्रसारित होता है।

# अमिताभ के साथ झगड़े के लिए शत्रुघ्न ने रेखा को ठहराया जिम्मेदार, किया था बड़ा खुलासा

*नई दिल्ली। शत्रुघ्न सिन्हा अपने सख्त बयानों के लिए जाने जाते हैं। वह कई चीजों पर बेबाकी से अपनी राय रखते हैं। शत्रुघ्न सिन्हा ने साल 2016 में छपी अपनी बायोग्राफी में कई चीजों को बहुत ईमानदारी से लिखा है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी बायोग्राफी में अमिताभ बच्चन के बारे में बात की है। उन्होंने बच्चन के साथ अपने झगड़े की वजह रेखा को बताया है। इसी बायोग्राफी में उन्होंने रीना रॉय के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताया है।*

### रेखा की वजह से जुदा हुआ अमिताभ शत्रुघ्न

*शत्रुघ्न सिन्हा ने अमिताभ के साथ अपने झगड़े के लिए अप्रत्यक्ष रूप से रेखा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा 'काला पत्थर की शूटिंग के दौरान एक नामी अभिनेत्री के साथ उनके बहुत दोस्ताना रिश्ते थे, वह उनके यहां जाया करती थीं। लेकिन वह एक बार भी उसे बाहर नहीं लाए और हममें से किसी से भी उसका परिचय नहीं कराया। इंडस्ट्री में सबको पता था कि कौन कहां जाता है। जब रीना मेरे मेकअप रूम में होती थीं तो सबको पता चल जाता था। इस तरह की चीजें कभी नहीं छिपती हैं।'*



### 20 सालों तक एक -दूसरे से नहीं की बात

*एक इंटरव्यू में सिन्हा ने रेखा के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने माना कि उनकी सोच अलग थी जिसकी वजह से उन्होंने एक दूसरे से 20 सालों तक बात नहीं की। उन्होंने अपनी बीवी पूनम सिन्हा की वजह से सुलह कर लिया। शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद माना कि उन्होंने रेखा पर कई बार जबानी हमले किए, इसके बावजूद रेखा ने उनके बारे में कुछ भी नाकारात्म नहीं कहा।*

### शत्रुघ्न के परिवार से रेखा के हैं करीबी रिश्ते

*आज की तारीख में रेखा के शत्रुघ्न सिन्हा के परिवार के साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। हाल ही में वह न सिर्फ सोनाक्षी सिन्हा की शादी में पहुंचीं बल्कि वह शत्रुघ्न सिन्हा की जन्मदिन की पार्टी में उनके घर पर गई थीं।*

# 'मिर्जापुर की गोलू' अब बनाएंगी फिल्म



**नई दिल्ली।** मिर्जापुर फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया।

## टीवी मसाला

# अभिनेत्रियों ने महिला दिवस पर सशक्तीकरण और सीमाओं को तोड़ने पर साझा किए अपने विचार



**मुंबई।** रुबीना दिलैक (कलर्स के 'लॉफ्टर शेफ्स अनिलिमिटेड एंटरटेमेंट' में नजर आ रही हैं) ने कहा, 'मैं एक ऐसे घर में पली-बढ़ी हूं जहां महिलाओं की चलती हैं और पुरुष हमारी सफलता देखकर गर्व महसूस करते हैं। मेरी दादी हमारे परिवार की रीढ़ हैं, और हमारी पीढ़ी की हर महिला चाहे वह मेरी मां हों, मेरी बुआएं हों, या अब मैं, हम सभी को केवल प्यार से ही नहीं, बल्कि सच्चे सम्मान के साथ रानी की तरह रखा गया है। हमारे जीवन के पुरुष मेरे पति, मेरे पिता, मेरे ससुर सिर्फ हमारी ताकत को स्वीकार ही नहीं करते, बल्कि उसे बढ़ावा भी देते हैं।

दीपिका सिंह ( कलर्स के 'मंगललक्ष्मी' में मंगल की भूमिका निभा रही हैं) ने कहा, 'अक्सर महिलाओं से कहा जाता है कि उनके सपनों की समय सीमा होती है कि उनकी महत्वाकांक्षाएं सीमित होनी चाहिए और वे समाज द्वारा तय भूमिकाओं में ही फिट बैठें। कई महिलाएं अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं, लेकिन असफलता का डर और घर की जिम्मेदारियां उन्हें रोक देती हैं। लेकिन, मंगल की कहानी कुछ और ही दिखाती है। 36 साल की उम्र में एक मां, एक पत्नी और अब एक उद्यमी होने के बावजूद, वह उस दुनिया में कदम रखती है जो उसके लिए नहीं बनी थी और पीछे हटने से इंकार कर देती है।शो का 'एक ट्राय तो बनता है' एंथम हर उस महिला को समर्पित है जिसने कभी अपने सपनों को लेकर संदेह किया हो। पहला कदम उठाना आसान नहीं होता।

प्रियांशी यादव (कलर्स के 'डोरी' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं) ने कहा, 'मैं उन सभी लोगों की आभारी हूं जिन्होंने महिलाओं की स्थिति बदलने के लिए साहसिक कदम उठाए।मैं खुद को भाग्यशाली मानतीहूं कि मुझे भी 'डोरी' जैसे किरदार के माध्यम से कुछ ऐसा करने का मौका मिला। यह जानकर खुशी होती है कि कई महिलाएं 'डोरी' को प्रेरणा के रूप में देखती हैं। यह न सिर्फ दिल को छूने वाला है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है।

# 'टेस्ट' 4 अप्रैल को ओटीटी पर...

**मुंबई।** आर माधवन और नयनतारा की आगामी फिल्म 'टेस्ट' के ओटीटी रिलीज की तारीख सामने आ चुकी है। निर्माताओं ने गुरुवार को इसकी घोषणा कर दी है। निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की स्ट्रीमिंग की तारीख की घोषणा कर दी। एस. शशिकांत के निर्देशन में बनी फिल्म 4 अप्रैल से ओटीटी पर स्ट्रीम होगी।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुढमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, स्वीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज


## खबर संक्षेप

### रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 87.12 प्रति डॉलर



**मुंबई।** व्यापार शुल्कों को लेकर अनिश्चितता और विदेशी कोषों की सतत निकासी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपये में तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और यह छह पैसे के नुकसान के साथ 87.12 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### अदाणी फाउंडेशन ने की 1000 लखपति दीदी सम्मानित




**नई दिल्ली।** अदाणी फाउंडेशन ने 1,000 से अधिक 'लखपति दीदी को सम्मानित किया और महिलाओं की समुचित भागीदारी वाला कार्यबल एवं समाज बनाने की प्रतिबद्धता जताई। 'लखपति दीदी' किसी स्वयं-सहायता समूह की सदस्य होती हैं, जिनकी वार्षिक घरेलू आय एक लाख रुपये या उससे अधिक होती है।

### जैबिल गुजरात में सिलिकॉन फोटोनिक्स संयंत्र लगाएगी




**गांधीनगर।** अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता जैबिल गुजरात में करीब 12.5 करोड़ डॉलर के निवेश से सिलिकॉन फोटोनिक्स विनिर्माण संयंत्र लगाने जा रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। यहां आयोजित आईईएसए विजन सम्मेलन में कहा कि गुजरात सरकार के साथ इस आशय के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### अमेरिका को इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात बढ़ा



**कोलकाता।** इस साल जनवरी में भारत के अमेरिका को इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 1.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। हालांकि, देश के कुल इंजीनियरिंग निर्यात में मामूली 7.44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषदने यह जानकारी दी है।

### ओयो को 1,100 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ की उम्मीद




**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी यूनिकॉर्न ओयो को अगले वित्त वर्ष में अपना शुद्ध लाभ 1,100 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने कंपनी के शीर्ष अधिकारियों के साथ यह अनुमान साझा किया है। 2,000 करोड़ रुपये की कर एवं ब्याज पूर्व आय की उम्मीद है।

### ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के सीईओ कोहली ने दिया इस्तीफा

BRITANNIA

**नई दिल्ली।** ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लि. के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रजनीत सिंह कोहली ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ' कार्यकारी निदेशक और सीईओ कोहली ने पांच मार्च, 2025 को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने ब्रिटानिया के बाहर अवसर तलाशने के लिए इस्तीफा दिया है।' कंपनी के अनुसार, निदेशक मंडल ने कहा कि उन्हें 14 मार्च, 2025 को व्यावसायिक घंटों की समाप्ति से सेवाओं से मुक्त कर दिया जाएगा।

# ट्रंप और मस्क की आंखों में खटक रहा भारत का 110 प्रतिशत तक का टैक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- भारत ऐसे टैरिफ को तुरंत जीरो करने की इच्छा नहीं रखता

अमेरिका चाहता है कि भारत दोनों देशों के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील के तहत अमेरिका से भारत में आने वाली कारों पर टैरिफ खत्म कर दे। लेकिन भारत ऐसे टैरिफ को तुरंत जीरो करने की इच्छा नहीं रखता है।

हालांकि आगे टैरिफ को और कम करने पर विचार किया जा रहा है। यह बात रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में सोर्सेज के हवाले से कही गई है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय ट्रेड डील के लिए होने वाली औपचारिक बातचीत में एक मुद्दा भारत में ऑटो पर हाई टैरिफ का भी रहेगा। बता दें कि अमेरिकी अरबपति एलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला, भारतीय बाजार में एंट्री करने वाली है। भारत में इंपोर्टेड कारों पर टैक्स 110 प्रतिशत तक है और यह दुनिया में सबसे अधिक टैक्सेज में से एक है।

## भारत में इंपोर्ट होने वाली कारों पर जीरो टैरिफ चाहता है अमेरिका

### क्यों टैरिफ कम करने के खिलाफ हैं घरेलू कंपनियां

भारत का कार बाजार 40 लाख व्हीकल सालाना का है। घरेलू मैन्युफैक्चरर्स पहले टैरिफ कम करने के खिलाफ तर्क दे चुके हैं। उनका कहना है कि इस तरह के कदम से इंपोर्ट सस्ता होने से लोकल मैन्युफैक्चरिंग में निवेश खत्म हो जाएगा। टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों ने विशेष रूप से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर इंपोर्ट टैरिफ कम करने के खिलाफ पैरवी की है। उनका कहना है कि इससे इस नए उभरते सेक्टर को नुकसान होगा, जिसमें उन्होंने भारी निवेश किया है।



*भारत सरकार कर रही घरेलू निर्माताओं से बातचीत :* रॉयटर्स के मुताबिक, एक सूत्र ने कहा, 'अमेरिका का कहना है कि भारत कृषि को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में टैरिफ को जीरो या न के बराबर कर दे।' एक दूसरे सूत्र ने कहा कि भारत, अमेरिका की बात सुन रहा है और कहा है कि वह लोकल इंडस्ट्रीज से परामर्श करने के बाद टैरिफ पर अपनी स्थिति के बारे में जवाब देगा। ऑटो इंपोर्ट पर टैरिफ को तुरंत जीरो करने की अमेरिकी मांगों पर भारत के नरम पड़ने की संभावना नहीं है।

*टैरिफ कम करने ली जा रही राय :* लेकिन देश, इंडस्ट्री को कम टैरिफ व्यवस्था के लिए तैयार करने और प्रतिस्पर्धा के लिए खुला रहने के लिए प्रेरित कर रहा है। पिछले महीने, भारत सरकार ने टैरिफ में किसी भी कटौती पर फैसला लेने और टैक्सेज को तुरंत जीरो करने पर उनकी आपत्तियों को समझने के लिए घरेलू कार मैन्युफैक्चरर्स से मुलाकात की।

### मस्क को मिल रहा ट्रंप का साथ

इसकी मस्क ने आलोचना की है। अब मस्क को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सपोर्ट मिल गया है। ट्रंप ने बार-बार भारत के हाई टैक्सेज की खिलाफत की है। मंगलवार को कांग्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने देश के 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ की निंदा की, और बदले में कार्रवाई की धमकी दी।

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष बेरी सीआईआई के क्रार्यक्रम में बोले

# प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने भारत को अन्य देशों के एमएसएमई को आकर्षित करना होगा : नीति आयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सात से आठ प्रतिशत आर्थिक वृद्धि हासिल करने की जरूरत
- चीन से आगे निकलन हमें बहुत कुछ करना है
- चीन बड़ी कंपनियों को आकर्षित करने में सफल रहा




नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने और सात से आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए छोटे और मझोले उद्यमों को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत करने की जरूरत है और इसके लिए अन्य देशों से एमएसएमई को आकर्षित करने की आवश्यकता है।

बेरी ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के आपूर्ति श्रृंखला पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी होने के लिए अन्य देशों से सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को आकर्षित करना होगा।

### एमएसएमई को आकर्षित करना होगा

बेरी ने कहा, 'हमें चीन से आगे निकलने के लिए अभी बहुत कुछ करना है। इसका कारण चीन बड़ी कंपनियों को आकर्षित करने में सफल रहा है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा, "बड़ी कंपनियां जटिल नियमों पर बातचीत कर सकती हैं...जब तक हम अन्य देशों से एमएसएमई को आकर्षित नहीं कर सकते, हम पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी नहीं हो सकते।"

### अत्यधिक नियमन बाधा बन रहे

आयोग के उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि अत्यधिक नियमन खासकर एमएसएमई के लिए भारतीय बाजारों में प्रवेश के लिए बाधा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी एमएसएमई को आकर्षित करना घरेलू एमएसएमई और उनके द्वारा योगदान किए जाने वाली बड़ी कंपनियों के बीच जीवंत संबंधों पर भी निर्भर करता है।

### देश मजबूत वृद्धि के रास्ते पर

बेरी ने कहा, "मुद्रास्फीति में नरमी और गरीबी के स्तर में गिरावट के साथ, देश मजबूत वृद्धि के रास्ते पर है। अब चुनौती इस गति को बनाये रखने और तेज करने की है।" पर्यावरण अनुकूल पहल के महत्व का जिक्र करते हुए बेरी ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया हरित आपूर्ति श्रृंखलाओं की ओर बढ़ रही है, भारतीय उद्यमों को इसे अपनाने के लिए कदम उठाना होगा।

### अच्छी गति बनाए रखना कठिन

बेरी ने कहा कि वृद्धि नवोन्मेष और व्यापार से लाभ के माध्यम से होती है, लेकिन जब आप अच्छा कर रहे हों तो गति को बनाए रखना कठिन होता है। उन्होंने कहा, "चुनौती आगे बढ़ते रहने की है। भारत के कॉरपोरेट क्षेत्र को आगे बढ़ना होगा और वास्तविक प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने और सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने के लिए एमएसएमई को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करने की आवश्यकता है।"

### घरेलू पूर्वाग्रह दूर करना होगा

बेरी ने पिछले 20 साल में थाइलैंड और जापान में वाहन क्षेत्र के वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकरण का संकेत देते हुए कहा, "हमारे बड़े पैमाने के विनिर्माताओं की गतिविधियों में घरेलू पूर्वाग्रह है और हमें इसे दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और सात से आठ प्रतिशत आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए एमएसएमई को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करने की आवश्यकता है।

### भारत सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था

बेरी ने भारत की वृद्धि संभावनाओं पर कहा कि देश ने कोविड महामारी के बाद उल्लेखनीय आर्थिक पुनरुद्धार हासिल किया है। भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है और इसे अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने स्वीकार किया है।

# रिलायंस में खरीदारी से सेंसेक्स 610 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- बीएसई सूचकांक 74 हजार अंक का स्तर पार कर गया
- कच्चे तेल के दाम में कमी से रिलायंस में भारी खरीदी

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 610 अंक चढ़कर 74,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 22,500 अंक के ऊपर पहुंच गया।

कच्चे तेल के दाम में कमी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर रुख नरम होने के बाद वैश्विक बाजारों में मजबूती से स्थानीय बाजार बढ़त में रहा। शुरुआती गिरावट से उबरते हुए, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 609.86 अंक चढ़कर 74,340.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 660.57 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 207.40 अंक बढ़त के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी एक समय 219.15 अंक तक चढ़ गया था।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, जोमैटो, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

### शुल्क को लेकर नरम रुख

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "कमजोर डॉलर सूचकांक के बीच कनाडा और मेक्सिको के वाहन विनिर्माताओं पर डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर नरम रुख के बाद सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू बाजार में मजबूती आई।'

# नई भर्तियां बढ़ने से रोजगार बाजार में 41 प्रतिशत का उछाल



- रोजगार बाजार में फरवरी में तेजी जारी रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुख्य रूप से नए लोगों (फ्रेशर्स) की भर्ती के कारण देश के रोजगार बाजार में फरवरी माह में भी तेजी जारी रही और इसमें सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है।

एशिया के रोजगार एवं प्रतिभा मंच, फाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी और एमई) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में नए लोगों की नियुक्तियों में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह अपना करियर शुरू करने वाले प्रतिभाशाली कर्मियों के लिए नियोक्ताओं की निरंतर मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी, 2025 में नियुक्तियों में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी नए लोगों की भर्तियों में उछाल के कारण हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में आईटी - हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर फ्रेशर भर्ती मामले में अग्रणी बना रहा। वर्ष 2024 में इसका हिस्सा 17 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर वर्ष 2025 में 34 प्रतिशत हो गया।

### बदलते रुख से इनकार नहीं

फाउंडिट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी सुरेश ने कहा, "कौशल आधारित नियुक्ति की ओर बदलते रुख से इनकार नहीं किया जा सकता। नियोक्ता व्यावहारिक विशेषज्ञता और उद्योग-संबंधित कौशल वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दे रहे हैं।"

## एलआईसी हाउसिंग को बोर्ड से कर्ज जुटाने की मंजूरी ...




**मुंबई।** एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने अगले वित्त वर्ष में कर्ज, बांड जारी कर और अन्य माध्यमों से 1.23 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की मंजूरी दे दी है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि ऑडिट कमेटी की सिफारिश के आधार पर बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 1,22,500 करोड़ रुपये के कर्ज बजट को मंजूरी दी है।

# विक्रम सोलर सेल और बैटरी विनिर्माण सुविधा लगाएगी

- बेहतर प्रदर्शन के साथ टिकाऊ, अभिनव बैटरी समाधान प्रदान करके ऊर्जा भंडारण परिदृश्य में अपना योगदान देगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




विक्रम सोलर ने गुरुवार को एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) क्षमता वाली एक एकीकृत सॉलिड-स्टेट सेल और बैटरी विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना की घोषणा की। विक्रम सोलर ने बयान में कहा कि यह उद्यम, बेहतर प्रदर्शन के साथ टिकाऊ, अभिनव बैटरी समाधान प्रदान करके ऊर्जा भंडारण परिदृश्य में अपना योगदान देगा। कंपनी, मालिकाना बैटरी प्रबंधन प्रणाली (बीएमएस) तकनीक के साथ एक गीगावाट घंटा की पूरी तरह से एकीकृत सॉलिड-स्टेट सेल और बैटरी विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ज्ञानेश चौधरी ने कहा, भारत में निर्मित अधिकांश कलपुर्जों के साथ विकसित और निर्मित हमारी सॉलिड-स्टेट बैटरियां 'आत्मनिर्भरता' की पहल का समर्थन करती हैं।

# सिटीकॉर्प इन्वेस्टमेंट बैंक ने सेबी से निपटाया मामला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिटीकॉर्प इन्वेस्टमेंट बैंक (सिंगापुर) लि. ने बृहस्पतिवार को 36 लाख रुपये का भुगतान कर सेबी के साथ एफपीआई नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामले का निपटान किया।

यह मामला सिमेट्री मास्टर फंड लि. को ऑफशोर डेरिवेटिव उत्पाद जारी करने से जुड़ा था। सिटीकॉर्प ने सेबी के पास खुद से निपटान आवेदन दायर किया था। आवेदन में एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) नियमों के कथित उल्लंघन का निपटान करने का प्रस्ताव दिया गया। निपटान नियमों के तहत मामले में तथ्यों और निष्कर्षों को स्वीकार या अस्वीकार किये बिना इसके निपटान का प्रस्ताव दिया गया था। बाजार नियामक सेबी ने आवेदन को स्वीकार करते हुए बृहस्पतिवार को अपने आदेश में कहा, "उल्लंघन को लेकर शुरू की गयी कार्यवाही ... आवेदक के संबंध में निपटाई जाती है।




- एफपीआई नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामले का निपटान

### शुल्क सेबी के पास जमा किया जाना था

*एसएमएफएल को 19 दिसंबर, 2023 को जारी किए गए ओडीआई के अनुरूप 800 अमेरिकी डॉलर का नियामक शुल्क आवेदक द्वारा तुरंत सेबी के पास जमा किया जाना चाहिए था। इसके बजाय, इसे 69 दिन की देरी से 26 फरवरी, 2024 को सेबी के पास जमा किया गया।*

## बिजनेस साइट

### जेमिनी एडिबल्स और श्री अन्नपूर्णा फूड्स ने मिलकर शुरू किया 'जीईएफ फूड्स इंडिया'



**हैदराबाद।** सूरजमुखी तेल कंपनी जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड और मसाला ब्रांड श्री अन्नपूर्णा फूड्स ने एक संयुक्त उद्यम 'जीईएफ फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' की स्थापना की है। इस संयुक्त उद्यम का उद्देश्य मसाले, मील मिक्स और अन्य खाद्य उत्पादों का निर्माण और वितरण करना है। जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड के उपाध्यक्ष अक्षय चौधरी ने कहा कि कंपनी इस संयुक्त उद्यम के जरिए अपने व्यवसाय में विविधता लाकर मसाला कारोबार में प्रवेश कर रही है। दोनों संगठन ग्राहक को स्वादिष्ट खाने का अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री अन्नपूर्णा फूड्स के मैनेजिंग पार्टनर और जीईएफ फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विजय प्रसाद ने बताया कि हम उपभोक्ताओं को स्वादिष्ट और स्वस्थ मसाले प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जैविक और प्रीमियम मसालों की बढ़ती मांग को देखते हुए, हम गुणवत्ता और पर्यावरण के अनुकूल पैकेजिंग पर जोर दे रहे हैं।

### उर्मिला फाउंडेशन की ओर से महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

UMH™
आयुष्मान भव:
24x7 हृदय रोग एवं ब्रेन स्ट्रोक आपातकालीन सुविधा

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उर्मिला फाउंडेशन, उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल और महाराष्ट्र मंडल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज महाराष्ट्र मंडल भवन, चौबे कॉलोनी रायपुर में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में महिलाओं के लिए विभिन्न स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, सेमिनार में महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ डॉ मंजू नेभानी द्वारा सर्वाइकल कैंसर के बचाव और रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर महापौर मीनल चौबे भी उपस्थित रहेंगी। उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल और उर्मिला फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और जागरूकता सेमिनार का आयोजन कर रहे हैं।

## पेशवर नेटवर्किंग मंच ने जारी की रिपोर्ट

# छोटे शहरों से महिलाओं के नौकरी आवेदनों में उछाल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से 2021 से 2024 के बीच महिलाओं की ओर से नौकरी के आवेदनों में तेज वृद्धि हुई है। पेशवर नेटवर्किंग मंच अपना.को ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

'अपना डॉट को' ने एक रिपोर्ट में कहा कि मंच ने दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में महिलाओं की ओर से नौकरी के आवेदनों में तीन गुना वृद्धि देखी, जो पिछले चार वर्षों में महानगरों से परे, महिला कार्यबल की भागीदारी में एक बड़े बदलाव को दर्शाता है।

### गैर-परंपरागत भूमिका भी तलाश रही

इसमें कहा गया है कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में महिलाएं गैर-परंपरागत भूमिकाएं भी तलाश रही हैं, जिसमें वर्ष 2024 में फील्ड सेल्स में लगभग छह लाख आवेदन, डिलिवरी और लॉजिस्टिक्स में 2.5 लाख आवेदन और सुरक्षा सेवाओं में 1.5 लाख आवेदन हैं।

- दूसरे व तीसरे श्रेणी के शहरों से तीन गुना आवेदन बढ़ा



### कुल आवेदनों में से 55 फीसदी महिलाओं के

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि बिक्री और कारोबार विकास, एडमिन और बैक ऑफिस, और ग्राहक सहायता दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में महिलाओं के लिए पसंदीदा नौकरी विकल्प के रूप में उभरे। नौकरी के कुल आवेदनों में से 55 प्रतिशत इन भूमिकाओं के लिए आए।

### इंदौर, भोपाल रोजगार केंद्र के रूप में उभरे

जैसे-जैसे महानगरों से परे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, लखनऊ, जयपुर, इंदौर, भोपाल, सूरत, नागपुर और कोयंबटूर प्रमुख रोजगार केंद्र के रूप में उभरे हैं। इन शहरों में महिलाएं सक्रिय रूप से नौकरी हासिल कर रही हैं।

### भारत का कार्यबल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा

अपना.को के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निर्मित पारिख ने कहा, 'भारत का कार्यबल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसमें दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों की महिलाएं विभिन्न उद्योगों में विविध करियर अपना रही हैं। डिजिटल पहुंच और उभरते हुए नियुक्ति रुझानों से प्रेरित होकर, यह उछाल कार्यबल की गतिशीलता को नया आकार दे रहा है।'

## खबर संक्षेप



### दुबई की अनजान पिच से बिठाना होगा तालमेल

**लाहौर।** न्यूजीलैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए उनकी टीम को दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में केवल एक मैच भारत के खिलाफ खेला था और उसने अपने बाकी मैच पाकिस्तान में खेले। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दो मैच लाहौर में खेले थे। दूसरी तरफ भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और वह वहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है।

### सही राह पर आगे बढ़ रही है हमारी टीम

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका की टीम आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में फिर से नॉकआउट चरण में बाहर हो गई लेकिन उसके मुख्य कोच



रॉब वाल्टर का मानना है कि 2027 में घरेलू धरती पर होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनकी टीम सही राह पर आगे बढ़ रही है। अपने ग्रुप में शीर्ष पर टीम रही दक्षिण अफ्रीका की टीम बुधवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई। वाल्टर ने कहा कि इस हार के बावजूद उनकी टीम के लिए इस प्रतियोगिता में कई सकारात्मक चीजें भी रहीं।

### पाकिस्तान के बल्लेबाज शकील 'टाइम आउट'

**रावलपिंडी।** भारत के खिलाफ हाल में चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले में अर्धशतक जड़ने वाले पाकिस्तान



के बल्लेबाज सऊद शकील को यहां प्रेजीडेंट्स कप प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान अपनी बल्लेबाजी का इंतजार करते हुए कथित तौर पर सोने के कारण 'टाइम आउट' करार दिया गया। शकील टाइम आउट करार दिए जाने वाले कुल सातवें और पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास के पहले बल्लेबाज हैं। यह मैच मंगलवार रात स्टेट बैंक और पीटीवी के बीच खेला गया।

### गुजरात की निगाहें जीत से प्लेऑफ पर

**लखनऊ।** लगातार दो जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत करने के बाद गुजरात जायंट्स शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेगी। गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल अंक तालिका में सबसे नीचे थी लेकिन दो बड़ी जीत ने उसे पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है।

# भारत ने 92 साल के इतिहास में खेले 13 आईसीसी फाइनल, जीते छह विश्व खिताब, 7वें का इंतजार

**भारत और न्यूजीलैंड के बीच 9 को होगा खिताबी मुकाबला**

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत 25 जून 1932 से क्रिकेट खेल रहा है। इस दौरान भारतीय टीम ने 13 बार फाइनल में जगह बनाई है। 92 साल में भारत ने छह खिताब जीते हैं और 14वें फाइनल में 7वें खिताब जीतने पर ध्यान है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम 2025 में एक और आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने में सफल रही है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया है जहां उसका सामना रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही है और लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। भारत अब खिताब से एक कदम दूर है।

भारत चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से पहले सभी प्रारूप मिलाकर कुल 13 बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंचा है। इसमें से छह बार टीम खिताब जीतने में सफल रही है। भारत ने 1983, 2002, 2007, 2011, 2013 और 2024 में आईसीसी खिताब जीते हैं। अगर भारत रविवार को न्यूजीलैंड को हराने में सफल रहा तो यह उसका सातवां आईसीसी खिताब होगा, जबकि रोहित की कप्तानी में लगातार दूसरी आईसीसी ट्रॉफी होगी।




**11 साल का इंतजार खत्म**

भारत का पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप में रोहित की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था जो 11 वर्षों में उसका पहला आईसीसी खिताब था। भारत का आईसीसी खिताब जीतने का सूखा 2024 में समाप्त हुआ जब टीम इंडिया ने रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीता। अब आठ महीने बाद ही टीम दूसरे आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और खिताब के बेहद करीब है। भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती हालांकि आसान नहीं रहने वाली है क्योंकि इसी टीम ने करीब चार साल पहले 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हराया था।

### 25 साल बाद खिताबी मैच में भिड़ेंगे भारत-न्यूजीलैंड

भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद एक बार फिर आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**भारत का खराब प्रदर्शन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | दौर | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 2000 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2003 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2014 | टी20 विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2019 | वनडे विश्व कप | सेमीफाइनल | हार |
| 2021 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |

**भारत बना चैंपियन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | परिणाम |
|---|---|---|
| 1983 | वनडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2002 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |
| 2007 | टी20 विश्व कप | चैंपियन |
| 2011 | नडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2013 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |

# भारत श्रीलंका में खेलेगा वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला

**27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा टूर्नामेंट**



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को कहा कि 27 अप्रैल से 11 मई तक वह महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा, जिसमें मेजबान देश के अलावा दो अन्य टीम भारत और दक्षिण अफ्रीका होंगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला इस साल के अंत में भारत में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। श्रीलंका बोर्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीनों प्रतिस्पर्धी टीमें चार-चार मैच खेलेंगी और टूर्नामेंट का आयोजन यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी।

**त्रिकोणीय श्रृंखला का कार्यक्रम**

| दिनांक | टीमें |
|---|---|
| 27 अप्रैल | भारत/श्रीलंका |
| 29 अप्रैल | भारत/द. अफ्रीका |
| 1 मई | श्रीलंका/द. अफ्रीका |
| 4 मई | भारत/श्रीलंका |
| 6 मई | भारत/द. अफ्रीका |
| 8 मई | श्रीलंका/द. अफ्रीका |
| 11 मई | फाइनल |

### केर और मैथ्यूज ने मुंबई इंडियंस को दिलाई जीत


**लखनऊ।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अमेलिया केर (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी और हेली मैथ्यूज (68 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन से गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग के मैच में यूपी वारियर्स को नौ गेंद रहते छह विकेट से पराजित कर उसकी प्लेऑफ की उम्मीद खत्म कर दी। मुंबई इंडियंस ने इस जीत से अपने नेट रन रेट में इजाफा किया और वह आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स से दो अंक पीछे है और उसका एक मैच भी बचा है।

# सचिन तेंदुलकर का अर्धशतक बेकार ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दी शिकस्त

**वड़ोदरा।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की 64 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने यहां अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग मुकाबले में भारत को 95 रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। तेंदुलकर ने 33 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई पारी भी भारत लिए काम नहीं आ सकी और 270 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 20 ओवर



में 174 रन पर ढेर हो गई। यूसुफ पठान ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह प्रदर्शन शानदार रहा, जिसमें कप्तान शेन वॉटसन (नाबाद 110) और बेन डंक (नाबाद 132) ने दूसरे विकेट के लिए 236 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 269 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत की यह चार मैच में पहली हार है और इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा क्योंकि तेंदुलकर की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है।



# छेत्री 40 साल की उम्र में संन्यास से करेंगे वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी सुनील छेत्री ने इस महीने होने वाले फीफा के मैत्री मैचों में राष्ट्रीय टीम की मदद के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करने का फैसला किया है।

देश में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक दशक से अधिक समय तक राष्ट्रीय टीम की अगुआई




करने वाले छेत्री 40 साल की उम्र में टीम में वापसी करेंगे।

एआईएफएफ ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा, 'सुनील छेत्री वापस आ गए हैं। कप्तान, नेतृत्वकर्ता, दिग्गज खिलाड़ी मार्च में फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के लिए भारतीय राष्ट्रीय टीम में वापसी करेगा।' वर्ष 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने 94 अंतरराष्ट्रीय गोल के साथ खेल के शीर्ष स्कोरर में से एक के रूप में अपने करियर का अंत किया था।

# मुशफिकुर रहीम ने वनडे से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने तत्काल प्रभाव से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी बांग्लादेश की उस टीम का हिस्सा था जो चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास लेने की घोषणा की।

रहीम ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, 'मैं आज वनडे प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। मैंने जो भी हासिल किया वह अल्हम्दुलिल्लाह (भगवान का शुक्र है)। हमारी वैश्विक स्तर पर उपलब्धियां सीमित हैं लेकिन एक चीज स्पष्ट है, मैंने जब भी अपने देश की तरफ से मैदान पर कदम रखा तो पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ 100 प्रतिशत से अधिक योगदान दिया। पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं, और मुझे अहसास हो गया है कि यही मेरी नियति है। मैं अपने परिवार, दोस्तों और अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करता हूं जिनके लिए मैंने पिछले 19 वर्षों से क्रिकेट खेली है।'

**274 वनडे में बनाए 7795 रन, लगाए 09 शतक**



**देश के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर**

रहीम ने लगभग 20 साल पहले वनडे में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने देश की तरफ से 274 वनडे खेले जिनमें 36.42 की औसत से 7795 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से वनडे में उनसे अधिक रन केवल तमीम इकबाल (8357 रन) ने बनाए हैं। रहीम बांग्लादेश की तरफ से 94 टेस्ट और 102 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। रहीम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह बांग्लादेश की तरफ से 100 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।



# ‘एमएससीएन’ जादुई नेट करेगा दुश्मन के रडार से लड़ाकू विमानों और तोप की रक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तेजी से बदलते तकनीक के दौर में जहां भविष्य की लड़ाइयां बेहद जटिल होती जा रही हैं। दुश्मन की नजर से अपने अस्त्र-शस्त्रों को छिपाकर महफूज रखना बेहद मुश्किल हो गया है। उस वक्त पर रक्षा मंत्रालय के कानपुर स्थित उपक्रम ट्रूप कम्फर्टस लिमिटेड (टीसीएल) ने ‘मल्टी स्पेक्ट्रल कैमोफ्लॉज नेट’ (एमएससीएन) नामक एक ऐसा महत्वपूर्ण अनुसंधान किया है। जो किसी जादू से कम नहीं है। क्योंकि इसका प्रयोग करने के बाद लड़ाकू विमान, तोप जैसे बड़े हथियारों से लेकर सैनिकों की वास्तविक ग्राउंड पोजीशन दुश्मन के रडार की पकड़ से बाहर हो जाती है। साथ ही यह उसे हमेशा एक भ्रम की स्थिति में रखता है। रक्षा मंत्रालय के उच्च-पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि टीसीएल आयुध फैक्ट्री हजरतपुर की एक यूनिट है। जो सेनाओं के लिए वर्दी व अन्य जरूरी कपड़े जैसे उत्पाद बनाती है। हालिया किए गए प्रोडक्ट लाइन के विकास के बाद टीसीएल में कई नई चीजों को शामिल किया गया है।

## रक्षा मंत्रालय के उपक्रम टीसीएल ने स्वदेशी आधार पर विकसित किया यह महत्वपूर्ण उत्पाद

### स्वदेशी आधार पर किया विकास

टीसीएल ने इस नेट को देश के अंदर स्वदेशी आधार पर विकसित किया है। पूर्व में आयुध फैक्ट्री बोर्ड (ओएफबी) द्वारा प्रत्यक्ष रूप से इसकी सेनाओं को सप्लाई की जाती थी। लेकिन सेनाएं कभी इसे ओएफबी से लेती थीं तो कभी बाहर से आयात किया जाता था। दोनों ही स्थितियों में सेनाओं की मांग की पूरी तरह से पूर्ति की समस्या बनी हुई थी। लेकिन अब इसका घरेलू स्तर पर विकास होने से एक तो उत्पाद पर आने वाली कुल लागत घटेगी और दूसरा विदेशों पर निर्भरता भी कम होगी।



### ब्रेक पैराशूट का निर्यात करेगी टीसीएल

सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान की लैंडिंग के वक्त उसे रोकने के लिए प्रयोग किए जाने वाले ब्रेक पैराशूट को टीसीएल ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा किए गए तकनीक हस्तांतरण (टीओटी) के जरिए विकसित किया है। पहले इनका रूस से आयात किया जाता था। लेकिन अब देश में इसका विकास करने के बाद टीसीएल को एक अन्य देश द्वारा ब्रेक पैराशूट को खरीदने के लिए कुल करीब 60 लाख रुपए का ऑर्डर दिया गया है।

### रामबाण बनी स्टेल्थ तकनीक

सूत्रों ने बताया कि एमएससीएन मूलरूप से एक कपड़े का नेट है, जिसमें स्टेल्थ तकनीक की प्रधानता है। इसका प्रयोग देश के अलग-अलग भागों में मौजूद सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना) के मारक हथियारों और अन्य जरूरी आयुधों को ढकने के लिए किया जाएगा। नेट की खास बात यह है कि इसके जरिए दुश्मन के रडार या अन्य खोजी उपकरणों से आने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, विजिबल लाइट, इंफ्रा रेड और नॉन इंफ्रा रेड लाइट सैन्य हथियार तक नहीं पहुंचती है। ये पहले ही उसे रोक देता है। जिससे यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि अमुक स्थान पर मौजूद वस्तु वास्तव में क्या है? इस कपड़े को युद्ध, सैन्य अभियान में सैन्यकर्मियों द्वारा भी अपनी पहचान छिपाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### इलाहाबादिया और अपूर्वा के बयान दर्ज



**नई दिल्ली।** इंडियाज गॉट लैटेंट’ शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले की जांच जारी है। रणवीर इलाहाबादिया और अपूर्वा माखीजा ने ‘राष्ट्रीय महिला आयोग’ में बयान दर्ज कराए। रणवीर और अपूर्वा मुखीजा इंडियाज गॉट लैटेंट के दो प्रोड्यूसर्स सौरभ बोथरा और तुषार पुजारी के साथ पहुंचे। आशीष चंचलानी के वकील आयोग में पेश हुए।

### मरांडी बने झारखंड में नेता प्रतिपक्ष

**रांची।** भाजपा ने गुरुवार को धनवारसीट से विधायक बाबूलाल



मरांडी को झारखंड विधानसभा में अपने विधायक दल का नेता नियुक्त किया। रांची में एक बैठक के दौरान, मरांडी, जो राज्य भाजपा अध्यक्ष भी हैं, को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। मरांडी ने एक पोस्ट में पीएम मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह का आभार माना है।

## अभिनेत्री रान्या राव पर कसेगा शिकंजा घर से करोड़ों रुपए की जब्ती

# 15 दिन में 4 फॉरेन ट्रिप और एक ही ड्रेस घर में मिले 17.36 करोड़ के सोना-कैश

**मुंबई।** कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव इस वक्त डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस के लिए किसी पहेली से कम नहीं हैं। बीते 3 मार्च को एक्ट्रेस को 14.2 किलो सोने के साथ बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। उन पर गोल्ड स्मगलिंग का केस दर्ज है। बयान में कहा गया है कि खुफिया जानकारी के बाद यह एक्शन लिया गया। कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया है कि रान्या राव बीते 15 दिन में 4 बार दुबई गई थीं। दिलचस्प है कि इन चारों ट्रिप में उन्होंने एक जैसे कपड़े पहने थे। इस कारण भी अधिकारियों को उन पर शक हुआ था। कोर्ट ने जहां रान्या को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## बीते कुछ साल में 30 बार दुबई गईं रान्या, हर बार की गोल्ड स्मगलिंग

### जांघ, कमर पर टेप से चिपकाए सोने के छड़

सोमवार, 3 मार्च की रात रान्या दुबई से बेंगलुरु लौटी थीं, जहां डीआरआई ने उन्हें तस्करी के सोने के साथ गिरफ्तार किया। रान्या इसे अपने बेल्ट में छिपाकर लाई थीं। ‘माणिक्य’ और ‘पाटकी’ जैसी कन्नड़ की पॉपुलर फिल्मों में काम कर चुकी रान्या की जब तलाशी ली गई, तो अधिकारियों के होश उड़ गए। एक्ट्रेस ने अपने शरीर, जांघों और कमर पर टेप लगाकर सोना छिपाया था। इसके लिए उन्होंने मॉडिफाइड जैकेट और रिस्ट बेल्ट पहने थे।



### सौतेले पिता डीजीपी रामचंद्र राव बोले- मेरा उससे कोई वास्ता नहीं

दूसरी ओर, डीजीपी रामचंद्र राव ने रान्या से अपने सारे संबंध तोड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा, मेरे पुलिस करियर पर कोई धब्बा नहीं है। किसी भी दूसरे पिता की तरह मुझे भी मीडिया से ही इस बारे में खबर लगी। मैं इससे अधिक कुछ नहीं कहना चाहता। रान्या अब हमारे साथ नहीं रहती है। वो अपने पति के साथ अलग रह रही है।’

**12.56 करोड़ का सोना**

एक्ट्रेस से एयरपोर्ट पर और घर से हुई जब्ती की कुल रकम 17.36 करोड़ रुपये बताई जा रही है। डीआरआई अधिकारियों के मुताबिक, एक्ट्रेस के पास से जो 14.20 किलोग्राम सोने की छड़ें मिली हैं, उसकी कुल कीमत 12.56 करोड़ रुपए है।

### 30 बार दुबई जा चुकी हैं

जांच में आगे पता चला है कि रान्या पिछले कुछ साल में करीब 30 बार दुबई गईं और हर बार वहां से कई किलो सोना तस्करी कर लाईं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रान्या को इस तस्करी के एवज में प्रति किलो सोना के बदले 1 लाख रुपए मिलते थे।

# तीन साल बाद भी नहीं लगी सीटी स्कैन मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा



जिला मेडिकल अस्पताल के लिए तीन साल बाद भी सीजीएमएससी सीटी मशीन की खरीदी नहीं कर सका है। अब जिला प्रशासन की मदद से डीएमएफ व सीएसआर मद की राशि से सीटी स्कैन मशीन खरीदी की तैयारी है, पर सीजीएमएससी से एनओसी जारी नहीं होने की वजह से प्रक्रिया अटकी हुई है। जैसे ही सीजीएमएससी से मशीन खरीदी की स्वीकृति मिलेगी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

■ मेडिकल कॉलेज अस्पताल का मामला

जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति के बाद से शासन ओर प्रशासन द्वारा एनएमसी के तय मापदंड के अनुसार तैयारी शुरू की गई, जिसमें मरीजों के लिए सीटी स्कैन मशीन की खरीदी भी शामिल थी। इसके लिए एनटीपीसी ने सीएसआर मद से 2 करोड़ की राशि स्वीकृत कर जिला प्रशासन को सौंपा था। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के लिए उपकरणों व दवाइयों की खरीदी के लिए सीजीएमएससी सरकारी एजेंसी होने की वजह से उसे ही सीटी स्कैन मशीन खरीदी की जिम्मेदारी दी गई। बावजूद इसके अब तक सीजीएमएससी की ओर से सीटी स्कैन की खरीदी अब तक नहीं हुई है।

# यूक्रेन में जेलेंस्की का तख्तापलट तय!

## यूक्रेन के विपक्षी नेताओं संग यूएस की बैठक

**कीव।** व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में डोनाल्ड ट्रंप को आंख दिखाने वाले यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेंस्की का कभी भी तख्तापलट हो सकता है। ओवल ऑफिस में हुई बहस के करीब एक हफ्ते के बाद डोनाल्ड ट्रंप की टीम के कम से कम चार अधिकारियों ने यूक्रेन के विपक्षी नेताओं के साथ बात की है। इस बातचीत में रूस के साथ



संबंध को सुधारने पर बातचीत की गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि ट्रंप टीम के वरिष्ठ अधिकारियों ने यूक्रेनी विपक्षी नेता यूलिया टिमोशेंको से बात की है।

### चुनाव करवाना चाहते हैं ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप चुनाव करवाने में हो रही देरी की बार बार आलोचना कर चुके हैं। पिछले साल राष्ट्रपति जेलेंस्की का शासनकाल खत्म हो गया था और उसके बाद से ही रूस लगातार उन्हें यूक्रेन का ‘अवैध नेता’ कहता आया है। लेकिन इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता है कि देश का बड़ा हिस्सा अभी भी युद्ध में फंसा हुआ है, देश की एक बड़ी आबादी विस्थापित हो चुकी है।

# दुनिया की सबसे बुजुर्ग हज्जाम 108 साल की जापानी महिला

**तोक्यो।** दुनिया की सबसे बुजुर्ग हज्जाम भले ही 108 साल की है लेकिन दुबली-पतली एवं सफेद बालों वाली इस जापानी महिला की तत्काल अपने काम से सेवानिवृत होने की कोई योजना नहीं है। शित्सुई हाकोइशी नामक इस बुजुर्ग महिला ने कहा कि इस सप्ताह ‘गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स’ द्वारा औपचारिक मान्यता मिलने से उन्हें बहुत खुशी मिली है। इस अंतरराष्ट्रीय फ्रैंचाइज़ की ओर से आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। ‘गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स’ में पुरुष



हज्जामों के लिए एक अलग श्रेणी है, लेकिन 2018 में 107 वर्ष की आयु में प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले अमेरिका के एंथनी मैनसिनेली की इस बीच मृत्यु हो गई, जिससे हाकोइशी इस रिकॉर्ड की एकमात्र धारक रह गईं।

### किसान परिवार में जन्मी

नाकागावा के एक किसान परिवार में 10 नवंबर, 1916 को जन्मीं हाकोइशी ने 14 साल की उम्र में हज्जाम बनने का फैसला किया और तोक्यो चली गईं, जहां उन्होंने प्रशिक्षु के रूप में अपने हुनर को निखारा। उन्होंने 20 साल की उम्र में हज्जाम के रूप में लाइसेंस प्राप्त किया और अपने पति के साथ मिलकर एक सैलून खोला। हाकोइशी ने कहा कि वह अपनी कैंची छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.




Toll Free Number: 1800 266 0018
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant & Xtreme 160R 2V in Chattisgarh. ***Basis data available in the public forum for products in 160cc Motorcycle segment. #Based on the data available in the public forum for products in 125cc and 160cc Motorcycle segments. **The discount is applicable on minimum transaction of Rs. 1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply.
BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK apno ka bank
pine labs PAY LATER
UPTO ₹9,500 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI**

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रेड) 7000595300, एसोसिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोड़ला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983
FCB.INTERFACE/3468/MARCH25/ENG

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com